वर्ष : 26 | अंक : 41 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 01 फरवरी, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

चेतना मंच

मोदी 2.0 का अंतरिम बजट

टैक्स स्लैब में बदलाव नहीं

जुलाई में 'विकसित भारत' के रोडमैप का बजट

नई दिल्ली (एजेंसी)। नई संसद में आज आम चुनाव-2024 से पहले मोदी सरकार 2.0 का आखिरी बजट पेश किया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने कार्यकाल का छठा बजट पेश किया। इस बजट में अगले तीन महीनों में खर्च होने वाले राजस्व का लेखा-जोखा रख गया। साथ ही परंपरा के मुताबिक बजट में टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है। बजट में किसी बड़े ऐलान से बचते हुए जुलाई 2024 में विकसित भारत के रोडमैप का बजट पेश करने की बात कही गई है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण गुरुवार को छठां केंद्रीय बजट पेश किया। इसी के साथ वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण लगातार पांच पूर्ण बजट और एक अंतरिम बजट पेश कर पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के क्लब में शामिल हो जाएंगी। बजट के शुरुआती भाषण में उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार की कई उपलब्धियों को बताया और कहा कि पीएम आवास योजना के तहत 3 करोड़ घर बनाकर 70 फीसदी महिलाओं को घर दिए गए हैं। अगले पांच सालों में केंद्र सरकार दो करोड़ और घर बनाएगी। गुरुवार की सुबह सवा नौ बजे केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त मंत्रालय पहुंचीं। उनके साथ राज्य मंत्री किशनराव कराड और पंकज चौधरी समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। यहां से बजट लेकर वित्तमंत्री राष्ट्रपति भवन के लिए रवाना हुईं। **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

तीन नए रेल कॉरिडोर शुरू होंगे

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, सभी को पक्का मकान मुहैया करवाया जाएगा. स्किल इंडिया में 1.47 करोड़ युवाओं को ट्रेंड किया है। पीएम मत्स्य संपदा योजना को बढ़ाया जाएगा। मत्स्य उत्पादन दोगुना हो गया है. पीएम मोदी ने जय अनुसंधान का नारा दिया है। इसे साकार करने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। 4 साल में आर्थिक विकास में तेजी आई है। युवा शक्ति प्रौद्योगिकी योजना बनाएंगे. तीन रेल कॉरिडोर शुरू किए जाएंगे. यात्री ट्रेनों के परिचालन में सुधार किया जाएगा। पीएम गति शक्ति योजना में काम तेज किया जाएगा। माला-भाड़ा परियोजना को भी विकसित किया जाएगा। 40 हजार नॉर्मल रेल डिब्बों को वंदे भारत में बदला जाएगा। हवाई अड्डों की संख्या बढ़ गई है. विमानन कंपनियां एक हजार विमानों का ऑर्डर देकर आगे बढ़ रही हैं।

नए मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, सर्वाइकल कैंसर रोकने की कोशिश होगी। इसके लिए टीकाकरण करेंगे। किसानों की आय बढ़ाने की कोशिश होगी। मिशन इंद्रधनुष में टीकाकरण बढ़ाया जाएगा। नए मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे. इसके लिए कमेटी गठित करेंगे। 9 से 14 साल की लड़कियों को मुफ्त टीका लगाया जाएगा। फसलों पर NANO डैप का इस्तेमाल होगा। डेयरी विकास के क्षेत्र में अच्छा काम होगा। दुग्ध किसानों को बढ़ावा दिया जाएगा। 1361 मंडियों को eName से जोड़ा जाएगा। अगले 5 साल में विकास की नई परिभाषा गढ़ेंगे। आशा बहनों को भी आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाएगा. तिलहन के अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाएगा। हर महीने 300 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी।

1 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाया

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, लखपति दीदी को बढ़ावा दिया जाएगा। 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ का निर्णय लिया है। 9 करोड़ महिलाओं के जीवन में बदलाव आया है। लखपति दीदी से आत्मनिर्भरता आई है। आंगनबाड़ी कार्यक्रमों में तेजी लाई जाएगी। अब तक एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाया।

बजट से विकसित भारत की नींव मजबूत होगी : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी। संसद में आज पेश किए गए अंतरिम बजट को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत की नींव मजबूत करने वाला बजट बताया है। उन्होंने इस बजट के लिए केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई दी।

प्रधानमंत्री ने आज बजट पेश होने के बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट देश के चार स्तम्भों को मजबूत करेगा। इस बजट से युवा, महिला, गरीब व किसान मजबूत होंगे। उन्होंने कहा

कि यह बजट मजबूत भविष्य की गारंटी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट में विश्वास का समावेश है। इसके लिए वह वित्त मंत्री को बधाई देते हैं।

बजट विकसित भारत को समर्पित बजट है। इससे विकसित भारत की नींव मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि बजट में रिसर्च और इनोवेशन के लिए 1 लाख करोड़ रूपये दिए गए हैं। वहीं रोजगार के लिए युवाओं के पास अनेक मौके होंगे। वित्तीय घाटे को भी नियंत्रित रखने के प्रयास किए गए हैं। यह बजट युवा भारत की आकांक्षाओं का बजट है।

ये भाजपा का 'विदाई बजट' है : अखिलेश यादव

लखनऊ (एजेंसी)। केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आज पेश किए गए अंतरिम बजट पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने मोदी सरकार के इस बजट को भाजपा का विदाई बजट बताया है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर बजट को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा है कि कोई भी बजट अगर विकास के लिए नहीं है और

कोई भी विकास अगर जनता के लिए नहीं है तो वो व्यर्थ है। भाजपा सरकार ने जनविरोधी बजटों का एक दशक पूरा करके एक शर्मनाक रिकार्ड बनाया है, जो फिर कभी नहीं टूटेगा क्योंकि अब सकारात्मक सरकार आने का समय हो गया है। ये भाजपा का विदाई बजट है।

ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में 31 साल बाद हुई पूजा



वाराणसी (एजेंसी) वाराणसी जिला अदालत के फैसले के बाद 31 साल बाद ज्ञानवापी मस्जिद के तहखाने में पूजन करवाया गया। ज्ञानवापी के व्यास जी के तहखाने के लिए नंदी के पास से बैरिकेटिंग हटाकर वैकल्पिक रास्ता बनाया गया। वहीं पूजन के लिए पहुंचे व्यास परिवार के सदस्यों ने ज्ञानवापी के तहखाने में गंगा जल से शुद्धिकरण के बाद वैदिक मंत्रोचारण के साथ पूजन कर आरती की। काशी विश्वनाथ ट्रस्ट के पुजारी ने पूजा सम्पन्न कराई जिसके बाद मौजूद भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। अब रोजाना यहां मंगल आरती की जाएगी।

पूजा के दौरान भगवान को चरणामृत का भोग लगा वहां मौजूद जिला **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को : ऋचा उपाध्याय

नोएडा (चेतना मंच)। जनपद गौतमबुद्धनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को होगा। यह जानकारी अपर जिला जज/सचिव (पूर्णकालिक) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऋचा उपाध्याय ने दी है। उन्होंने बताया कि आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामलें, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामलें, बिजली व पानी से सम्बन्धित मामलें, धारा 138 एन0आई0एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा संबंधित **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

एआरटीओ, निबंधन विभाग व जिला अस्पताल का सर्वर डाउन



नोएडा (चेतना मंच)। आज सुबह से ही कई सरकारी विभागों में इंटरनेट का सर्वर डाउन होने के कारण कामकाज ठप रहा। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सेक्टर-32 स्थित सहायक संभागीय परिवहन (एआरटीओ) विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सुबह से ही सर्वर डाउन **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

पुलिस को देख भागा बदमाश गोली से हुआ घायल

गाजियाबाद (चेतना मंच)। थाना शालीमार गार्डन पुलिस ने मुठभेड के दौरान एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। दिल्ली के रहने वाले इस बदमाश पर कई संगीन धाराओं में मुकदमें दर्ज हैं। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से बदमाश घायल हो गया है। थाना शालीमार गार्डन पुलिस ने शांति चौक पर चेकिंग कर रही थी तभी अपाचे बाइक पर आता हुआ एक युवक दिखाई दिया। पुलिस को देख युवक ने बाइक मोड़कर खेतान पब्लिक स्कूल के ग्राउंड की तरफ भगाने का **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

पूरी तरह चुनावी बजट है : अभिषेक जैन

उद्यमियों, किसानों व युवाओं के लिए कोई घोषणा नहीं

नोएडा (चेतना मंच)। आज केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया अंतरिम बजट विशुद्ध रूप से चुनावी बजट साबित हुआ है। इस बजट में आशा के अनुरूप कोई भी बड़ी घोषणा नहीं की गई। यह बात कही नोएडा के युवा उद्यमी तथा समाजसेवी अभिषेक जैन ने।

श्री जैन ने कहा कि बजट में उद्यमी तथा व्यापारियों के लिए कोई खास राहत नहीं दी गई है। किसानों का भी कोई खास ख्याल नहीं रखा गया है। पूरे बजट में देश के युवाओं के लिए कोई भी ऐसी घोषणा नहीं की गई जिससे युवा खुश हो सकें। वहीं मजदूर व गरीबों का भी इस बजट में कोई

खास ध्यान नहीं रखा गया है। उन्होंने कहा कि समूचे बजट को देखा जाए तो इसमें चुनाव के मद्देनजर वोट के लिए महिलाओं को आवास आदि देने की घोषणा की गई है। बाकी इस बजट में ऐसा कोई नई घोषणा नहीं की गई जिससे उद्यमी, व्यापारी, किसान तथा युवा राहत महसूस कर सके।

सूरजपुर-दादरी रोड के अंतर्गत तिलपता में एलिवेटेड रोड का निर्माण हो : नवाब सिंह नागर

नोएडा (चेतना मंच)। प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नवाब सिंह नागर ने औद्योगिक विकास मंत्री एवं ग्रेटर नोएडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को एक पत्र लिखकर आग्रह किया है कि तिलपता में एलिवेटेड रोड का शीघ्र निर्माण हो।

उन्होंने पत्र में लिखा है कि ग्रेटर नोएडा से जी.टी.रोड दादरी के बीच वाहनों का सर्वाधिक आवागमन होता है। यह सबसे मुख्य मार्ग है जिसमें तिलपता से दादरी रेलवे ओवरब्रिज व रूपवास रेलवे ओवरब्रिज से दोनो का ट्रैफिक आता है। क्योंकि रूपवास ओवरब्रिज नोएडा की 130 मीटर रोड से जुड़ना था,जो जमीन पर भारी आबादी निर्माण होने के कारण

नहीं बन पा रहा है। इसलिए दोनों का वाहन तिलपता गांव से ही निकलता है अधिकतर समय जाम रहता है जिससे जनता फंसी रहती है। इसका एक ही हल है कि तिलपता गोलचक्कर से दोनों ओवरब्रिज तक एक एलिवेटेड रोड का निर्माण शीघ्र हो।

नोएडा प्राधिकरण के कई अफसरों पर गिरेगी गाज!

- मुआवजा वितरण की एसआईटी जांच टीम की रिपोर्ट अदालत में पेश
- अंग्रेजी में अनुवाद कर दाखिल करें रिपोर्ट : सुप्रीम कोर्ट

नोएडा (चेतना मंच)। एसआईटी ने नोएडा प्राधिकरण की मुआवजा वितरण और जमीन अधिग्रहण में हुई गड़बड़ी से जुड़ी जांच पूरी कर रिपोर्ट तैयार कर ली है। यह रिपोर्ट करीब 200 पन्नों की है। मुआवजा गड़बड़ी मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई थी। इस दौरान शासन ने एसआईटी के जरिए दी गई रिपोर्ट को न्यायालय के समक्ष रखा। शासन ने पूरी रिपोर्ट हिंदी में होने के कारण इसका अंग्रेजी में अनुवाद कराने के लिए न्यायालय से अतिरिक्त समय मांगा। ऐसे में न्यायालय ने शासन को रिपोर्ट को ट्रांसलेट करने के लिए वक्त देने को मंजूरी दी है। इस वजह से न्यायालय रिपोर्ट को लेकर कोई सुनवाई नहीं कर सका। अब अगले महीने होने वाली सुनवाई में न्यायालय इस रिपोर्ट के आधार पर कोई आदेश दे सकता है। इस मामले में कई अधिकारियों पर गाज गिरना तय माना जा रहा है।

प्राधिकरण के आधिकारिक की मानें तो एसआईटी ने करीब 200 पेज की रिपोर्ट तैयार की है। इसमें प्राधिकरण की जानकारी में आए गेझा गांव के 11 प्रकरणों के अलावा कुछ और गांवों में बांटे गए मुआवजों की फाइलों में गड़बड़ी मिली है। इन फाइलों में सैकड़ों करोड़ रुपये का वित्तीय नुकसान प्राधिकरण को होने की बात कही गई है। बताया गया कि मुआवजा देने की प्रक्रिया में बेशक फाइल सहायक विधि अधिकारी स्तर से चली, लेकिन इस मामले में मंजूरी देते समय आला अधिकारियों ने भी लापरवाही बरती।

मुआवजा वितरण की गड़बड़ी में शामिल रहे अधिकारियों-कर्मचारियों से शपथपत्र के साथ अपने और अपने परिवार की संपत्ति का भी ब्योरा देने को कहा गया है। अब अगले महीने सुनवाई में न्यायालय एसआईटी की रिपोर्ट के आधार पर कोई फैसला दे सकता है। गेझा गांव में बांटे गए मुआवजा वितरण गड़बड़ी मामलें तत्कालीन सहायक विधि अधिकारी वीरेंद्र नागर और दिनेश सिंह को निलंबित किया जा चुका है। इस मामले में सेक्टर-20 और फेज-1 थाने में केस दर्ज हुआ था।

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School
imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

विकास का विजन

विधायक प्राथमिकताओं के अध्याय जब वार्षिक योजना की बैठकों में खुलते हैं, तो हम देख सकते हैं कि जनप्रतिनिधि हमारे विकास के आईने के सामने क्या विजन रखते हैं। यह बजट की कसौटियों से पहले उस इच्छशक्ति का प्रकटीकरण है, जिसके तहत हम हिमाचल की तस्वीर बदल सकते हैं। बहुत हो गईं सडक़ें, कार्यालय, इमारतें, पेयजल, विद्युत आपूर्ति और सिंचाई योजनाओं की बातें। ये कर्म चलते रहेंगे और विकास के ये पहिए सौ साल बाद भी ऐसे लक्ष्यों से मुलाकात करेंगे। असली इबारत तो चिंतन के धरातल को बदल कर लिखी जाए, तो क्रांति आएगी। विधायकों की बैठकें यूं तो विधानसभा क्षेत्रों की परिक्रमा करती रहीं, लेकिन कुछ जनप्रतिनिधि समय से आगे निकलने की कोशिश भी करते दिखे। यहां विधायक के खाके पांच साल के बाद भी अगर इंकलाब लिख रहे हैं, तो तारीफ होनी चाहिए वरना अब तो हिमाचल में एक विधानसभा क्षेत्र से दूसरे तक पेयजल योजना बनाने पर भी टकराव पैदा हो रहा है। सत्ता में बैठे मंत्री अब केवल अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र तक ही सिमट गए हों, तो राज्यव्यापी योजनाओं-परियोजनाओं की रूपरेखा कौन बनाएगा। ऐसे में आज भी बैठकों में विधायकों को अगर पौंग बांध विस्थापितों का दुखड़ा सुनाना पड़े या सीर खड्ड के तटीकरण की दरख्वास्त लिए अरदास करनी पड़े, तो हम कहीं गोल-गोल घूम कर वहीं के वहीं खड़े हैं। समूचे हिमाचल की खड्डों-नालों के तटीकरण पर एक राज्यव्यापी हुंकारा चाहिए, वरना इस साल की आपदा से हमने सीखा ही क्या। आज भी अगर ज्वालामुखी के विधायक को इस धार्मिक स्थान के लिए मास्टर प्लान की मांग करनी पड़ रही है, तो हमारी प्राथमिकताएं कहां घास चरती रहीं। आश्चर्य यह कि विधायकों की प्राथमिकताओं में लो वोल्टेज की शिकायत दर्ज हो रही है, जबकि राज्य ने न जाने कितने मुख्य अभियंताओं के क्षेत्रीय कार्यालय खोल दिए हैं। हम प्रति व्यक्ति कोई ऐसा आश्वासन नहीं दे पा रहे कि उसके जीने के लिए स्वच्छ व उपयुक्त पानी, बिजली आपूर्ति, सीवरेज, सडक़, बस सेवा और कृषि-बागबानी के साथ-साथ ग्रामीण आर्थिकी का विस्तार करेंगे। विधायक आज भी नए शिक्षा संस्थानों, चिकित्सा संस्थानों तथा अनेक नए कार्यालयों को खुलवाने के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन सार्वजनिक सेवा क्षेत्र की कार्य संस्कृति को सुधारने के लिए सुझाव नहीं दे पा रहे। इंदौरा के विधायक ने जरूर पुराने शैक्षणिक संस्थानों को सुदृढ़ करने की मांग रखी, वरना हर कार्यालय की इमारत के भीतर रिक्तियों की कमी का लेखा-जोखा दिया जा सकता था। कुछ विधायकों ने नशे और खनन पर चिंता प्रकट की, लेकिन 68 विधायकों ने इसके खिलाफ एक स्वर प्रतिज्ञा नहीं ली। पहाड़ को छीलते छीलते मिट्टी दरिया हो गई, लेकिन इस साल की भयानक प्राकृतिक आपदा के बाद कोई विधायक अपनी प्राथमिकता का सूत्रधार बनकर कारणों के समाधान तथा पर्यावरण की रक्षा के लिए आगे नहीं आया। हिमाचल में बाइस लाख पंजीकृत वाहनों व इतनी ही संख्या में आ रहे बाहरी वाहनों के परिप्रेक्ष्य में किसी जनप्रतिनिधि ने पार्किंग के लिए अपनी रुचि नहीं दिखाई। सरकार पांच करोड़ सैलानियों को जिस प्रदेश में लाना चाहती हो, वहां के हर विधायक को अपने विधानसभा क्षेत्र की भुजाएं खोलकर उनके स्वागत का ढांचा विकसित करना होगा, लेकिन प्राथमिकताओं में पर्यटन समाहित नहीं हुआ। ताज्जुब यह कि सरकार इलेक्ट्रिक बसों व चार्जिंग स्टेशनों की फेहरिस्त में विधायकों को प्राथमिक तौर पर आगे आने का न्योता दे रही है, लेकिन किसी ने एक इलेक्ट्रिक रूट तक नहीं मांगा। यहां चुराह के विधायक हंसराज अगर शिमला का बोझ घटाने के लिए कुछ कार्यालयों को अन्यत्र भेजने का सुझाव दे रहे हैं, तो इसे सुनना होगा। चंबा के विधायक नीरज नैयर अगर चंबा-चुवाड़ी सुरंग बनाने की मांग कर रहे हैं, तो हिमाचल का भविष्य यहां से गुजर सकता है। हिमाचल के भविष्य के लिए कला-संस्कृति, पुस्तकालय, खेल के मैदान, स्वरोजगार के अवसर, नवाचार का इंतजाम और निजी निवेश के लिए सहयोग की राहें ढूंढने के लिए अब हर विधायक को लीक से हटकर प्राथमिकताएं तय करनी होंगी।

नीतीश कुमार का फैसला देश के सियासी नक्शे को ही बदल सकता है

बिहार में एक बार फिर सत्ता परिवर्तन हुआ है। मुख्यमंत्री नहीं बदले हैं, गठबंधन सरकार बदली है। नीतीश कुमार का राष्ट्रीय जनता दल से एक बार फिर मोहभंग हुआ है और पुराने सहयोगी एनडीए गठबंधन से टूटा प्यार, एक बार फिर जुड़ चुका है। कभी एनडीए, कभी महागठबंधन, तो कभी इंडिया... बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कब सियासी फायदे की खातिर पलटी मार लेंगे, इसका अंदाजा लगा पाना भी बिल्कुल वैसा ही है, जैसे रेत के मैदान में एक सुई को ढूंढ़ना। करीब 2 साल तक पीएम नरेंद्र मोदी को कोसने वाले नीतीश को, मोदी के सहारे ही 24 की चुनावी नैया पार होती दिख रही है।

नीतीश कुमार ने नौवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। वास्तव में बीजेपी और आरजेडी दोनों की मजबूरी नीतीश कुमार हैं, उनके बिना सरकार बनाने का ख्वाब कोई नहीं देख सकता। उन्होंने न तो बीजेपी को इस हाल में छोड़ा है, न तो आरजेडी को कि बिना नीतीश के सरकार बना लें। बिहार की राजनीति के पन्ने पलटें तो नीतीश कुमार ने बेमेल गठबंधन पहली बार 2014 में किया। वह जंगलराज सरकार के धुर विरोधी थे, उन्होंने आरजेडी से गठबंधन कर लिया। यह गठबंधन बहुमत से चुनाव जीत गया। साल 2017 में नीतीश का मोह गठबंधन से भंग हो गया। उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का साथ उन्हें पसंद नहीं आया और भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर उन्होंने बीजेपी से नाता जोड़ लिया।

साल 2019 का लोकसभा चुनाव, 2020 का विधानसभा चुनाव जेडीयू और बीजेपी ने साथ मिलकर लड़ा। जंगलराज सरकार का डर दिखाकर भी कुल 43 सीटें ही नीतीश बाबू हासिल कर सके। 2022 में बीजेपी फिर नीतीश कुमार को तानाशाह वाली पार्टी नजर आने लगी। नीतीश कुमार ने लालू परिवार के साथ मिलकर सरकार बनाई। तेजस्वी फिर डिप्टी बने। तेजस्वी ने वादा किया कि वे सरकारी नौकरियों की भरमार लगा देंगे। उन्होंने काम भी शुरू किया और क्रेडिट भी लेने लगे। नीतीश को यह रास नहीं आया और खटास बढ़ती गई।

लंबे वक्त तक भाजपा के साथ गठबंधन में रहने वाले नीतीश कुमार ने लोकसभा चुनाव 2014 में भाजपा को पानी पी-पीकर कोसा था, इसके बाद लालू की पार्टी के साथ मिलकर वो बिहार में सरकार बनाते हैं, मुख्यमंत्री बनते हैं और देखते ही देखते एक बार फिर लालू से पीछा छुड़ाकर भाजपा को गले लगा लेते हैं। 2019 का आम चुनाव एनडीए में रहते हुए लड़ते हैं। फिर 2020 का विधानसभा चुनाव भी साथ में लड़ते हैं, जिसमें उनकी पार्टी का प्रदर्शन बेहद खराब रहा, बावजूद इसके वो फिर से सीएम बनते हैं। मगर न जाने क्यों, नीतीश कुमार ने पलटी मार ली और फिर से लालू के साथ चले गए। अब एक फिर सीएम नीतीश ने साल 2017 वाला पलटीमार कांड दोहराया और उसी अंदाज मे लालू का साथ छोड़ भाजपा के साथ चले गए।

बिहार की 40 सीटों पर हुए पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा का बोलबाला रहा है।

2014 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने 22, लोक जनशक्ति पार्टी ने 6 और राष्ट्रीय लोक समता दल ने तीन सीटें जीती थी। ये तीनों दल एनडीए का हिस्सा थे। यूपीए में शामिल कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल ने क्रमशः 4 और 2 सीटें जीती थी।

2014 के चुनावी नतीजों में भाजपा ने अकेले 22 सीटें हासिल की थी, जबकि एनडीए गठबंधन ने 31 सीटें जीती थीं। हालांकि अगर 2019 के चुनावी नतीजों का जिक्र किया जाए तो 2014 की तुलना में भाजपा को 5 सीटों का नुकसान झेलना पड़ा था, मगर एनडीए गठबंधन ने बिहार की 40 में से 39 सीटों पर अपना कब्जा जमाया था। इस बार भाजपा के पास खुला मैदान था, जो नीतीश-लालू-कांग्रेस के साथ आमने सामने की लड़ाई लड़ती। मगर भाजपा को ये बात अच्छे से समझ आ रहा था कि अगर ऐसा होता है तो सबसे बड़ा नुकसान बिहार में झेलना पड़ सकता है। यहां जातीय समीकरण का बोलबाला है और लालू-नीतीश की जोड़ी को मात दे पाना शायद भाजपा के लिए मामूली बात नहीं होगी। इसीलिए बिहार में भाजपा इस कोशिश में लगी थी नीतीश कुमार को अपने साथ लाया जाए।

हां, ये बात जरूर है कि नीतीश के इस कदम से भाजपा को बड़ा फायदा होगा, जिसका उदाहरण 2019 का चुनाव है। नीतीश और मोदी एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे, जिससे लालू की पार्टी को सबसे बड़ा झटका लगेगा और शून्य की चिंता सताएगी। आरजेडी नहीं चाहेगी कि उसे पिछली बार की तरह हार झेलनी पड़े। नीतीश के पलटी मारने से इंडिया गठबंधन का अस्तित्व भी खतरे में आ गया है। भाजपा को इस बात का एहसास था कि अगर नीतीश कुमार और लालू प्रसाद बिहार में एकसाथ चुनाव लड़ते हैं, तो साल 2015 में हुए बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों का असर 2024 के चुनाव में दिख सकता है। आपको याद दिला दें कि 2015 के नतीजों में आरजेडी को 80 सीटें, जदयू को 69 और भाजपा को सिर्फ 59 सीटें मिली थीं।

2014 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने 22, लोक जनशक्ति पार्टी ने 6 और राष्ट्रीय लोक समता दल ने तीन सीटें जीती थी। ये तीनों दल एनडीए का हिस्सा थे। यूपीए में शामिल कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल ने क्रमशः 4 और 2 सीटें जीती थी। जनता दल यूनाइटेड ने दो सीटें जीती थीं। 2019 के आम चुनाव में एनडीए के बैनर तले बीजेपी, जेडीयू और लोक जनशक्ति पार्टी ने चुनाव लड़ा और क्रमश 17, 16 और 06 सीटों पर विजय हासिल की। महागठबंधन में शामिल कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और राष्ट्रीय लोक समता पार्टी को मात्र एक सीट पर जीत मिली। वो एक सीट पर कांग्रेस ने जीती थी। आंकड़ों को देखकर समझा जा सकता है कि नीतीश की पार्टी जेडीयू के लिए 2019 में भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ना जीवनदान की तरह था। नीतीश कुमार ये समझते हैं कि भाजपा का साथ उनके लिए बेहद फायदेमंद है। शायद इसी लिए उन्हें विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल रहना रास नहीं आया। जो जेडीयू, कांग्रेस और आरजेडी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने वाली थी, वो अब ये मुकाबला आमने-सामने लड़ेगी।

सन् 2024 के चुनाव से पहले बीजेपी बार-बार धोखा खाने के बावजूद नीतीश से हाथ मिला रही है। भाजपा इस बड़ी लड़ाई के लिए एक-एक सीट जीतना चाहती है। उधर, नीतीश को आखिरकार समझ आ गया है कि उनकी राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा पूरी नहीं होने वाली है। वे अब सम्मान के साथ राजनीति की नाव से उतरकर घाट पर आराम करने के मूड में हैं। सन् 2025 का विधानसभा चुनाव उनका अंतिम चुनाव है। शायद वे उसमें चेहरा ही न हों। वे चाहेंगे कि उनकी पार्टी तब तक अपना वजूद क़ायम रखे। यह सारी भाग-दौड़ और पलटीबाजी उसी के लिए है।

अयोध्या में भव्य राम मंदिर के बाद बड़ी लहर बीजेपी और प्रधानमंत्री मोदी के पक्ष में दिखाई दे रहे हैं। नीतीश कुमार भी ये बखूबी समझते हैं कि ये ऐसा जनसमर्थन है जिससे कोई भी इंकार नहीं कर सकता है। वहीं, कर्पूरी ठाकुर को सर्वोच्च सम्मान देकर भी बीजेपी ने ओबीसी वोट पर बड़ी चोट की है। मोदी सरकार के लिए ये बड़ा मील का पत्थर साबित हो सकता है। इसीलिए नीतीश भी मोदी की तारीफ में ना केवल कसीदे पढ़ते हैं, बल्कि परिवारवाद पर हमला भी करते नजर आते हैं।

नीतीश कुमार के अरमान प्रधानमंत्री वाले ही थे। कहां वे इंडिया गठबंधन के अगुवा बन रहे थे, कहां बीजेपी के साथ गठजोड़ कर बैठे हैं। नीतीश कुमार 2025 का बिहार विधानसभा चुनाव तेजस्वी के नेतृत्व में लड़ने जा रहे थे, लेकिन उनके रास्ते ही जुदा हो गए। देखने वाली बात यह है कि जिस बीजेपी को जमकर उन्होंने कुछ वर्षों से कोसा है, उसके साथ कितने दिन सरकार में रह सकते हैं। बहरहाल, नीतीश कुमार ने ऐसी सियासी पलटी मारी है, जिससे आरजेडी के साथ साथ पूरा इंडिया गठबंधन चित्त होता दिखाई दे रहा है। नीतीश का ये फैसला सिर्फ बिहार नहीं बल्कि पूरे देश का सियासी नक्शा बदलने वाला है।

- डॉ. आशीष वशिष्ठ
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

रामचरित मानस

कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हे तात! आप श्री रामजी के कृपा पात्र हैं। श्री हरि के गुणों में आपकी प्रीति है, इसीलिए आप मुझे सुख देने वाले हैं। इसी से मैं आप से कुछ भी नहीं छिपाता और अत्यंत रहस्य की बातें आपको गाकर सुनाता हूँ॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।

सुनहु राम कर सहज सुभाऊ। जन अभिमान न राखहिं काऊ॥
संसृत मूल सूलप्रद नाना। सकल सोक दायक अभिमाना॥
श्री रामचंद्रजी का सहज स्वभाव सुनिए। वे भक्त में अभिमान कभी नहीं रहने देते, क्योंकि अभिमान जन्म-मरण रूप संसार का मूल है और अनेक प्रकार के क्लेशों तथा समस्त शोकों का देने वाला है॥
ताते करहिं कृपानिधि दूरी। सेवक पर ममता अति भूरी॥
जिमि सिसु तन ब्रन होई गोसाईं। मातु चिराव कठिन की नाईं॥
इसीलिए कृपानिधि उसे दूर कर देते हैं, क्योंकि सेवक पर उनकी बहुत ही अधिक ममता है। हे गोसाईं! जैसे बच्चे के शरीर में फोड़ा हो जाता है, तो माता उसे कठोर हृदय की भाँति चिरा डालती है॥
दो0-जदपि प्रथम दुख पावइ रोवइ बाल अधीर।
ब्याधि नास हित जननी गनति न सो सिसु पीर॥
यद्यपि बच्चा पहले (फोड़ा चिराते समय) दुःख पाता है और अधीर होकर रोता है, तो भी रोग के नाश के लिए माता बच्चे की उस पीड़ा को कुछ भी नहीं गिनती (उसकी परवाह नहीं करती और फोड़े को चिरवा ही डालती है)॥
तिमि रघुपति निज दास कर हरहिं मान हित लागि।
तुलसिदास ऐसे प्रभुहि कस न भजहु भ्रम त्यागि॥
उसी प्रकार श्री रघुनाथजी अपने दास का अभिमान उसके हित के लिए हर लेते हैं। तुलसीदासजी कहते हैं कि ऐसे प्रभु को भ्रम त्यागकर क्यों नहीं भजते॥
राम कृपा आपनि जड़ताई। कहउँ खगेस सुनहु मन लाई॥
जब जब राम मनुज तनु धरहीं। भक्त हेतु लीला बहु करहीं॥
हे हे गरुड़जी! श्री रामजी की कृपा और अपनी जड़ता (मूर्खता) की बात कहता हूँ, मन लगाकर सुनिए। जब-जब श्री रामचंद्रजी मनुष्य शरीर धारण करते हैं और भक्तों के लिए बहुत सी लीलाएँ करते हैं॥

क्रमशः

कानूनों का सरलीकरण करके ही सशक्त बनेगा देश

सुप्रीम कोर्ट की हीरक जयन्ती एक अवसर है भारतीय न्याय प्रणाली की कमियों पर मंथन करते हुए उसे अधिक चुस्त, त्वरित एवं सहज सुलभ बनाना। मतलब यह सुनिश्चित करने से है कि सभी नागरिकों के लिये न्याय सहज सुलभ महसूस हो, वह आसानी से मिले, जटिल प्रक्रियाओं से मुक्त होकर सस्ता हो। इस दृष्टि से यह अकल्पित उपलब्धियों से भरा-पूरा अवसर भारत न्याय प्रक्रिया को एक नई शक्ति, नई ताजगी, और नया परिवेश देने वाला साबित हो रहा है। क्योंकि आजादी के अमृतकाल में पहुंचने तक भारत की न्याय प्रणाली अनेक कंटिली झाड़ियों में उलझी रही है। भारतीय न्यायिक व्यवस्था का छिद्रान्वेषण करें तो हम पाते हैं कि न्यायाधीशों की कमी, न्याय व्यवस्था की खामियाँ और लचर बुनियादी ढाँचा जैसे कई कारणों से न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या बढ़ती जा रही है तो वहीं दूसरी ओर न्यायाधीशों व न्यायिक कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ़ता जा रहा है। न्याय में देरी अन्याय कहलाती है लेकिन देश की न्यायिक व्यवस्था को यह विडंबना तेजी से घेरती जा रही है।

सुप्रीम कोर्ट की 75वं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकार द्वारा न्यायिक व्यवस्था को प्रभावी, आधुनिक, तकनीकी बनाने के लिये उठाये कदमों की चर्चा की। उन्होंने अप्रासंगिक हो चुके कानूनों को बदलने एवं आधुनिक अपेक्षाओं के नये कानून बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। जैसा कि खुद प्रधानमंत्री ने जिक्र किया औपनिवेशिक दौर के पुराने पड़ चुके कानूनों की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे नए कानून लाना बड़ा कदम है। हालांकि ये कानून अभी लागू नहीं हुए हैं और इनसे जुड़े कुछ पहलुओं पर पुनर्विचार की जरूरत भी महसूस की जा रही है, लेकिन फिर भी इस कदम की अहमियत को कम करके नहीं आंका जा सकता। इस कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, अटॉर्नी जनरल वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता शामिल थे। अनेक कानूनविद् यहां उपस्थित थे।

सुप्रीम कोर्ट की पहली बैठक 28 जनवरी, 1950 को हुई थी, देश की न्याय प्रणाली सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्देशित होती है। इसी बात का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि यह सुनिश्चित करना हमारा काम है कि न्याय की पहुंच इस देश के हर कौने एवं हर नागरिक तक पहुंचे। इसी सोच के साथ ई-कोर्ट के तीसरे चरण को मंजूरी दी गई। पिछले साल केंद्रीय बजट में, सरकार ने ई-कोर्ट परियोजना के तीसरे चरण के लिए 7,000 करोड़ रुपये के आवंटन की घोषणा की थी- जो कि 1,670 करोड़ रुपये के पिछले आवंटन से चार गुना अधिक है। मोदी सरकार भारत की न्याय प्रणाली के आधुनिकीकरण के लिये हरसंभव सहयोग दे रही है। निश्चित ही जहां सरकार वर्तमान संदर्भ के अनुरूप कानूनों का आधुनिकीकरण कर रही है वहीं साधन-सुविधाओं को सुलभ कराने में तत्पर है। नये कानून एवं नयी आधुनिक अदालते कल के भारत को और मजबूत करेगी। नये भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करने में इनकी सर्वाधिक सार्थक भूमिका होगी। सरकार अंग्रेजी के स्थान पर हिन्दी या स्थानीय भाषाओं में न्याय-प्रक्रिया को संचालित करने के लिये भी प्रतिबद्ध है। न्याय की सुलभता की ओर इशारा करते हुए मोदी ने पहले कही गई उस बात को दोहराया कि आदेश सरल भाषा में देने की जरूरत है। उन्होंने इस बात पर संतोष जताया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद शुरू हो गया है और उम्मीद जताई कि देश की अन्य अदालतें भी इसका अनुसरण करेंगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकार द्वारा न्यायिक व्यवस्था को प्रभावी, आधुनिक, तकनीकी बनाने के लिये उठाये कदमों की चर्चा की। उन्होंने अप्रासंगिक हो चुके कानूनों को बदलने एवं आधुनिक अपेक्षाओं के नये कानून बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

टेक्नोलॉजी के बढ़ते महत्व पर उन्होंने कहा, न्याय की सुगमता में टेक्नोलॉजी किस प्रकार सहायक हो सकती है, यह आज इस कार्यक्रम से ही पता चल रहा है। मेरा संबोधन अभी कृत्रिम बुद्धिमत्ता की सहायता से अनुवादित किया जा रहा है और लोगों द्वारा सुना जा रहा है। शुरुआत में कुछ रुकावटें आ सकती हैं, लेकिन हम केवल कल्पना ही कर सकते हैं कि तकनीक कितने बड़े काम कर सकती है। इसी तरह, हमारी अदालतें हमारे नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग कर सकती हैं।

सुप्रीम कोर्ट से अन्य हितधारकों की क्षमता निर्माण की दिशा में काम करना जरूरी है। सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण का काम शुरू कर दिया है। निश्चित तौर पर एक मजबूत न्यायपालिका विकसित भारत की नींव के रूप में काम करेगी। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि जन विश्वास विधेयक न्यायपालिका पर अनावश्यक बोझ को कम करने के लिए उठाया गया कदम है। एक सशक्त न्यायिक प्रणाली विकसित भारत का एक हिस्सा है। सरकार एक भरोसेमंद न्याय व्यवस्था बनाने के लिए लगातार काम कर रही है और कई फैसले ले रही है। जन विश्वास विधेयक इसी दिशा में एक कदम है। सुप्रीम कोर्ट की अगुआई में पिछले कुछ समय से न्यायपालिका में डिजिटाइजेशन पर खासा जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में ईकोर्ट्स मिशन के तीसरे फेज को भी मंजूरी मिल गई है, जिसमें कोर्ट के रिकॉर्ड्स के डिजिटाइजेशन समेत कई और क्षेत्रों में तकनीक का इस्तेमाल बढ़ाने का इरादा है।

'ईज ऑफ जस्टिस' से जुड़े कुछ अन्य बेहद अहम पहलू हैं, जिन पर ध्यान देने की जरूरत है। सबसे बड़ा मसला है अदालतों में लंबित पड़े मुकदमों का। 2023 में पेंडिंग केसों की संख्या 5 करोड़ को पार कर गई। इनमें 1,69,000 मुकदमे ऐसे हैं, जो 30 साल से भी ज्यादा समय से हाईकोर्टों और जिला कोर्टों में लंबित हैं। वर्तमान में 10 लाख लोगों पर सिर्फ 18 न्यायाधीश ही है। ऐसे में किसी भी न्यायपालिका से समय पर न्याय देने की उम्मीद करना उचित नहीं हो सकता है। विधि आयोग की सिफारिश के अनुसार इन पदों की संख्या में वृद्धि किया जाना चाहिये। सुप्रीम कोर्ट में जजों के खाली पद भरने का काम हुआ है, लेकिन हाईकोर्टों में अभी भी काफी पद खाली पड़े हैं। डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक देश के सभी 25 हाईकोर्टों में जजों के कुल 1,114 पद मंजूर हैं, लेकिन इन कोर्टों की मौजूदा न्यायाधीशों की संख्या 784 है यानी हाईकोर्टों में जजों के 330 पद खाली हैं।

न्याय प्रणाली में आमूल-चूल-परिवर्तन, परिवर्तन जरूरी है और उसे अधिक प्रभावी बनाने की अपेक्षा है। इसके लिये यह भी जरूरी है कि विशेष श्रेणी के मामलों के समाधान के लिये समय-सीमा तय की जानी चाहिये तथा लोक अदालतों और ग्राम न्यायालयों की स्थापना की जानी चाहिये। इससे न केवल विचाराधीन मामलों की संख्या में आनुपातिक कमी आएगी बल्कि न्यायपालिका के मूल्यवान समय की बचत होगी। अधीनस्थ न्यायालयों के स्तर पर सर्वोत्तम उपलब्ध प्रतिभा को आकर्षित करने के लिये अखिल भारतीय न्यायिक सेवा का गठन किया जा सकता है।

यह जजों की योग्यता व गुणवत्ता में सुधार करेगा। सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के कुशलतापूर्वक उपयोग से न्यायिक डेटाबेस बनाया जा सकता है। अधिवक्ताओं के लिये आचार संहिता के अनुपालन को प्रभावी बनाया जाना चाहिये ताकि मामलों को जानबूझकर विलंबित न किया जा सके। उपर्युक्त सभी बातों को देखते हुए स्पष्ट है कि भारतीय न्याय तंत्र में विभिन्न स्तरों पर सुधार की दरकार है। यह सुधार न सिर्फ न्यायपलिका के बाहर से बल्कि न्यायपालिका के भीतर भी होने चाहिये। ताकि किसी भी प्रकार के नवाचार को लागू करने में न्यायपालिका की स्वायत्तता बाधा न बन सके। न्यायिक व्यवस्था में न्याय देने में विलंब न्याय के सिद्धांत से विमुखता है, अतः न्याय सिर्फ होना ही नहीं चाहिये बल्कि दिखना भी चाहिये।

-ललित गर्ग
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)

राशिफल

माघ कृष्ण- षष्ठी | **(विक्रम संवत् 2080)**

मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
सांयकाल तक ग्रहों की स्थिति प्रतिकूल रहेगी। थोड़ा ध्यान रखिए स्वास्थ्य पर।

वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)
मन खिन्न रहेगा। अवसाद की स्थिति रहेगी। प्रेम, संतान मध्यम रहेगा। व्यापार सही चलता रहेगा।

मिथुन- (का, की, कु, घ, ङ , छ, के, हो, हा)
कलहकारी सृजन होगा। क्रोध में रहेंगे। प्रेम में तू-तू, मैं-मैं। व्यापार सही रहेगा और स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)
सांयकाल के बाद तबीयत में सुधार होने लगेगा। थोड़ा कलह जरूर होगा, लेकिन सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होने लगेगी जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ेगा। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
स्वास्थ्य अभी नरम-गरम बना रहेगा। धन की स्थिति भी उतार-चढ़ाव में रहेगी। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)
सांयकाल के बाद सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान अच्छा रहेगा। व्यापार अच्छा रहेगा।

वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)
समय में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। स्वास्थ्य ठीक-ठाक, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य थोड़ा गड़बड़ रहेगा।

धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)
व्यापारिक स्थिति सुधरेगी। आय का स्तोत्र बढ़ेगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम,संतान अच्छा। व्यापार भी अच्छा।

मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)
उच्चाधिकारियों का आर्शीवाद मिलेगा। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम, संतान में थोड़ी दूरी। व्यापार अच्छा।

कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)
सांयकाल के बाद भाग्य साथ देने लगेगा। रास्ते की रुकावट खत्म होने लगेगी। यात्रा का योग बनेगा। सांयकाल तक थोड़ा धैर्य के साथ चलिएगा।

मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य में ध्यान दें। प्रेम, संतान मध्यम।

थाना सेक्टर-113 व थाना-49 का औचक निरीक्षण

नोएडा (चेतना मंच)। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर आज अपर पुलिस उपायुक्त नोएडा मनीष कुमार मिश्र द्वारा थाना सेक्टर-113 एवं थाना सेक्टर-49 का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस उपायुक्त नोएडा मनीष कुमार मिश्र द्वारा थाना कार्यालय के अभिलेखों, महिला हेल्प डेस्क, हवालात व मालखाना का निरीक्षण कर जांच पड़ताल की गई व थाना सेक्टर-113 एवं थाना सेक्टर-49 में उपस्थित पुलिसकर्मियों को उचित दिशा-निर्देश भी दिए गए। उनके द्वारा पुलिसकर्मियों को सतर्कता से ड्यूटी करने, ड्यूटी के प्रति कर्तव्य और दायित्व बनाकर ईमानदारी के साथ ड्यूटी करने व आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए साथ ही थाने आने वाले पीडितों के साथ अच्छे व्यवहार के साथ उनकी समस्या को सुनकर निराकरण करने के लिए कहा गया।

प्रयागराज मंडल में जनवरी 2024 में 73 रेल सेवक हुए सेवानिवृत्त

प्रयागराज (चेतना मंच)। प्रयागराज मंडल, उत्तर मध्य रेलवे से 73 रेल सेवक सेवानिवृत्त हुए। इन सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों में से अभिषेक कुमार मिश्रा, बलबीर सिंह, हरेन्द्र कुमार सिंह, सौदान सिंह देवक, अशुतोष कुमार द्विवेदी, विजय शंकर राम, ब्रिजनंदन दास, हरीरम, प्रहलाद मीना, राजेंद्र कुमार, राजू एवं सुरेश चन्द्र को सुरक्षित ट्रेन संचालन हेतु 'एक्सीडेंट फ्री अवार्ड' से सम्मानित किया गया। इस माह सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को कुल लगभग 21,14,70,697 रूपए का समापन भुगतान नियमानुसार डिजिटल माध्यम से किया गया।

प्रयागराज मंडल कार्यालय के मंडल सभागार में अपर मंडल रेल प्रबंधक/ सामान्य संजय सिंह, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी मनीष कुमार खरे एवं मण्डल कार्मिक अधिकारी के एल जयसवाल द्वारा सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को समापन भुगतान से संबंधित समस्त प्रपत्रों के साथ स्मृति चिन्ह के रूप में गोल्ड प्लेटेड सिल्वर मैडल सम्मान सहित सौंपा गया। मंडल कार्मिक अधिकारी के. एल. जायसवाल द्वारा सेवानिवृत्ति के उपरांत कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले भुगतान, मानार्थ पास, HRMS एवं UMID की सुविधाओं के विषय में जानकारी प्रदान किया गया। अपर मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने सभी सेवानिवृत कर्मचारियों को रेल सेवा में उनके योगदान की सराहना करते हुए उनके आगामी पारिवारिक जीवन में स्वस्थ एवं सक्रिय रहने की कामना की 7 कार्मिक विभाग एवं लेखा विभाग की टीम ने अथक परिश्रम करते हुए इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न किया।

यूपी में छह आईएएस और 67 पीसीएस अधिकारियों के तबादले

लखनऊ (एजेंसी)। शासन ने छह आईएएस और 67 पीसीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। लखनऊ विकास प्राधिकरण के सचिव पद पर तैनात रहे आईएएस अधिकारी पवन कुमार गंगवार को राज्य संपत्ति अधिकारी बनाया है। वह डॉ. वीके सिंह का स्थान लेंगे जिन्हें फर्रुखाबाद का जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है।

इनके अलावा स्थानांतरित आईएएस अधिकारियों में सीडीओ अयोध्या अनीता यादव को एसीईओ यूपीसीडा कानपुर, सीडीओ उन्नाव ऋषिराज को सीडीओ अयोध्या, एसीईओ यूपीसीडा प्रेम प्रकाश मीणा को सीडीओ उन्नाव, सीडीओ बाराबंकी एकता सिंह को अपर निबंधक बैंकिंग सहकारिता तथा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रयागराज सुथान अब्दुल्ला को सीडीओ बाराबंकी के पद पर नियुक्त किया गया है।

पीसीएस अधिकारियों में एडीएम वित्त एवं राजस्व गाजियाबाद विवेक श्रीवास्तव को सचिव लखनऊ विकास प्राधिकरण बनाया गया है। जालौन के सिटी मजिस्ट्रेट रहे दिनेश कुमार को एडीएम वित्त एवं राजस्व गाजीपुर के पद पर तैनात किया गया है।

उपजिलाधिकारी बिजनौर रहे संजय कुमार को सिटी मजिस्ट्रेट फर्रुखाबाद के पद पर भेजा गया है। सिटी मजिस्ट्रेट अयोध्या अरविंद कुमार द्विवेदी अब सचिव मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण होंगे।

सचिव मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण रहे राजेश कुमार-चतुर्थ को अपर जिलाधिकारी भूमि अध्यासि गाजियाबाद बनाया गया है। मऊ के सिटी मजिस्ट्रेट राजेश सिंह को एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रयागराज तैनात किया गया है। एसडीएम प्रयागराज राजेश कुमार श्रीवास्तव को एडीएम नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति के पद पर ललितपुर भेजा गया है।

एसडीएम प्रयागराज अजीत कुमार जायसवाल को सिटी मजिस्ट्रेट जालौन, सिटी मजिस्ट्रेट मीरजापुर विनय कुमार सिंह-द्वितीय को एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रयागराज, सचिव वाराणसी विकास प्राधिकरण डॉ. सुनील कुमार वर्मा को अपर आयुक्त प्रशासन वाराणसी मंडल तथा सिटी मजिस्ट्रेट आगरा आनंद कुमार सिंह को सचिव मेरठ विकास प्राधिकरण के पद पर तैनाती दी गई है। सिटी मजिस्ट्रेट गाजियाबाद शुभांगी शुक्ला अब एडीएम वित्त एवं राजस्व आगरा होंगी। एडीएम वित्त एवं राजस्व जग प्रसाद अब अपर आयुक्त प्रयागराज मंडल होंगे।

डिप्टी रजिस्ट्रार के आदेश से रजत विहार के निवासियों में आक्रोश

नोएडा (चेतना मंच)। मेरठ स्थित डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा सेक्टर-62 रजत विहार रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन को कालातीत घोषित करने को लेकर सेक्टरवासियों में काफी आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना है कि डिप्टी रजिस्ट्रार ने मनमाने तरीके से नियम के विपरीत यह आदेश जारी किया है जो की पूरी तरह के से कानून के विपरीत है।

रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव शर्मा का कहना है कि वर्ष-2009 में गठित इस आरडब्ल्यूए के बाइलॉज के पैरा संख्या-9च में स्पष्ट लिखा है कि आरडब्ल्यूए का कार्यकाल 5 वर्ष का होगा। इसके बाद भी डिप्टी रजिस्ट्रार ने एक माह के अंदर चुनाव कराने की आदेश जारी कर दिए तथा आरडब्ल्यूए को कालातीत घोषित कर दिया। यह पूरी तरह नियम के विपरीत है। उन्होंने कहा कि 18 जनवरी को डिप्टी रजिस्ट्रार ने सुनवाई के लिए उन्हें मेरठ ऑफिस में बुलाया था। उस दौरान डिप्टी रजिस्ट्रार ने हमारी कोई बात नहीं सुनी। सिर्फ एक ही बात उनसे बार-बार कही गई कि चुनाव कराना है, हमारे ऊपर चुनाव कराने को लेकर दबाव डालकर सहमति पद पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा गया। लेकिन हमने हस्ताक्षर नहीं किया। इसके बाद 27 जनवरी को डिप्टी रजिस्ट्रार ने चुनाव कराने का नोटिस जारी कर दिया जो कानून सम्मत नहीं है।

दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना की घोषणा

नोएडा (चेतना मंच)। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने जनपद के समस्त दिव्यांग दंपतियों को जानकारी दी है कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत नव विवाहित दंपत्ति में केवल युवक के दिव्यांग होने की दशा में 15000 रुपए एवं केवल युवती के दिव्यांग होने की दशा में 20000 रुपए तथा युवक-युवती दोनों के दिव्यांग होने की दशा में 35000 रुपए धनराशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाती है।

उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन उक्त योजना का लाभ उठाने के लिए विभागीय पोर्टल divyang-jan.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन भरते समय आवेदक को दिव्यांगता प्रदर्शित करते हुए संयुक्त नवीनतम फोटोग्राफ, राष्ट्रीय कृत बैंक में संचालित संयुक्त खाते की पासबुक एवं युवक-युवती के आधार कार्ड, मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र जो 40 प्रतिशत से कम न हो, शादी के समय युवक की आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो एवं युवती की आयु 18 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो। योजना में ऐसे दिव्यांग दंपत्ति पात्र होंगे, जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं चालू वित्तीय वर्ष में हुआ हो एवं दंपत्ति में कोई आयकर दाता न हो।

वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन पत्र पूर्ण कर अपलोड किये गये प्रपत्रों की हार्ड कॉपी समस्त दस्तावेजों सहित कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी गौतमबुद्धनगर कार्यालय कमरा नंबर 107 विकास भवन सूरजपुर गौतम बुद्ध नगर में जमा करा सकते हैं।

पृष्ठ एक के शेष....

टैक्स स्लैब....

राष्ट्रपति भवन पहुंचकर निर्मला सीतारमण ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। उन्होंने राष्ट्रपति से बजट पर औपचारिक मंजूरी ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अन्य अधिकारियों ने राष्ट्रपति मुर्मू से बातचीत भी की। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने सीतारमण को दही शक्कर खिलाया।

देश की नई संसद में पहला बजट भाषण पढ़ते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि देश की जनता भविष्य की तरफ देख रहे हैं। वे आशान्वित हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में हम आगे बढ़ रहे हैं। जब पीएम मोदी ने 2014 में काम शुरू किया तब बहुत ज्यादा चुनौतियां थीं। जनता के हित में काम शुरू किए हैं। जनता को ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर दिए हैं। देश में नया उद्देश्य और उम्मीद जगी है। जनता ने हमें दूसरी बार सरकार में चुना। हमने व्यापक विकास की बात की। सबका साथ, सबका विश्वास और सबके प्रयास के मंत्र से आगे बढ़े। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, हमने अंतरिम बजट की परंपरा को जारी रखा है। दरअसल, अंतरिम बजट में किसी तरह की लोकलुभावन घोषणाएं नहीं की जाती हैं। यही वजह है कि सरकार ने किसी तरह की घोषणाएं करने से परहेज किया है। हालांकि, कॉर्पोरेट टैक्स घटाकर 22 प्रतिशत कर दिया है।

हमने भ्रष्टाचार को खत्म किया है

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, हर घर जल, सभी के बिजली, गैस, वित्तीय सेवाएं और बैंक अकाउंट खोलने के लिए काम किया है। खाद्यान्न की चिंताओं को दूर किया है। 80 करोड़ लोगों को निशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया है। मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा किया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आय बढ़ी है। 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। हम लोगों को सशक्त बनाने का काम कर रहे हैं। हमने भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद को खत्म किया है।

पीएम किसान योजना से 11.8 करोड़ लोगों को आर्थिक मदद

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, पीएम जनधन योजना के तहत आदिवसी समाज तक पहुंचना है. विशेष जनजातियों के लिए विशेष योजना लेकर आए हैं. इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास में तेजी आई है. सरकारी योजनाएं जनता तक पहुंच रही हैं. सरकार गरीबी हटाने के लिए काम कर रही है। सरकार ने चुनौतियों का डटकर सामना किया है. ग्रामीण विकास के लिए योजनाओं को लागू किया है। हर घर जल योजना से पानी पहुंचाया जा रहा है। 78 लाख स्ट्रीट वेंडर को मदद दी गई है। किसानों को सशक्ति बनाने पर जोर दिया है। 4 करोड़ किसानों को पीएम फसल बीमा योजना का लाभ दिया जाता है। पीएम किसान योजना से 11.8 करोड़ लोगों को आर्थिक मदद मिली है. आम लोगों के जीवन में बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है। युवाओं को सशक्त बनाने पर भी काम किया है। तीन हजार नए आईटीआई खोले गए हैं। 54 लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है। एशियाई खेलों में भारत के युवाओं को कामयाबी मिली है। तीन तलाक को गैरकानूनी घोषित किया है. महिलाओं को संसद में आरक्षण देने के लिए कानून लेकर आए हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना में दो करोड़ घर और बनेंगे

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, देश की इकोनॉमी सही दिशा में है। पारदर्शी शासन पर हमारी सरकार का फोकस है. वित्त मंत्री 20 मिनट तक केंद्र सरकार की योजनाएं गिनाईं और भारत के विकास की रफ्तार पर चर्चा की। निर्मला ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अगले 5 साल में ग्रामीण इलाकों में दो करोड़ और घर बनाए जाएंगे। सरकार ने 5 करोड़ घर बनाकर 70 फीसदी महिलाओं को लाभ पहुंचाया है।

पर्यटन क्षेत्र में विदेशी निवेश को बढ़ावा देंगे

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, बायोफ्यूल के लिए समर्पित योजना लाए हैं। पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए ई-वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। रेलवे-समुद्र मार्ग को भी जोड़ने पर जोर रहेगा. पर्यटन केंद्रों के विकास में तेजी लाएंगे. पर्यटन सेक्टर में विकास तेज हो रहा है. राज्यों को ब्याजमुक्त कर्ज दिया जा रहा है. टियर 2 और टियर 3 शहरों को हवाई मार्ग से जोड़ा जाएगा। लक्षद्वीप में नई परियोजनाएं शुरू होंगी. पीएम आवास योजना में 70 फीसदी घर महिलाओं के लिए बने हैं। पर्यटन क्षेत्र में विदेशी निवेश को बढ़ावा दिया जाएगा. 75 हजार करोड़ का लोन ब्याजमुक्त दिया गया है. 2014 से 2023 तक एफडीआई भी बढ़ा है. सुधार के लिए 75 हजार करोड़ का प्रावधान किया है. जुलाई में पूर्ण बजट आएगा। उसमें विकसित भारत का रोडमैप प्रस्तुत किया जाएगी। इंफ्रास्ट्रक्चर में 11 फीसदी ज्यादा खर्च किया जाएगा। जनसंख्या वृद्धि को लेकर कमेटी गठित की गई है।

10 साल में तीन गुना टैक्स कलेक्शन बढ़ा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, राजकोषीय घाटा 5.1 फीसदी रहने का अनुमान है। 44.90 करोड़ रुपए का खर्च है और 30 लाख करोड़ का रेवन्यू आने का अनुमान है। 10 साल में इनकम टैक्स कलेक्शन तीन गुना बढ़ गया है। मैंने टैक्स रेट में कटौती की है। 7 लाख की आय वालों को कोई कर देय नहीं है। 2025-2026 तक घाटा को और कम करेंगे।

आयकर स्लैब में बदलाव नहीं

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है। फिलहाल आयकर दाताओं को राहत नहीं दी गई है। 7 लाख तक की आय पर टैक्स नहीं लिया जाता है। इनकम टैक्स भरने की प्रक्रिया आसान की गई है. रिफंड भी जल्द जारी किया जाता है। जीएसटी संग्रह दो गुना हो गया है। जीएसटी से अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था को बदला गया है।

एआरटीओ, निबंधन...

होने से कोई भी कामकाज नहीं हो रहा है। लोग अपना काम करने के लिए घंटों लाइन में खड़े रहे लेकिन सर्वर डाउन होने के कारण वे मायूस होकर घर वापस चले गए। कमोबेस यही आलम निबंधन विभाग तथा जिला अस्पताल विभाग का रहा यहां भी सर्वर डाउन होने के कारण कामकाज प्रभावित रहा।

अधिकारियों ने बताया कि समूचे उत्तर प्रदेश में ही है। सब जगह कामकाज प्रभावित हो रहा है। अधिकारियों का कहना है कि सरवर को ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल खबर लेकर जाने तक सर्वर डाउन होने से नोएडा के तीनों विभागों में कामकाज ठप रहा जिससे आम लोग जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

ज्ञानवापी के व्यास...

प्रशासन, पुलिस प्रशासन और मंदिर से जुड़े लोगों में वितरित किया गया। कोर्ट के आदेश का अनुपालन करवाते हुए जिला प्रशासन ने पूजा के बाद आम दर्शनार्थियों के लिए फिलहाल रोक लगा दी है। ज्ञानवापी के तहखाने में कोर्ट के आदेश पर वर्ष-1991 के बाद हुए पहली बार पूजन को लेकर पूजन में मौजूद जितेंद्र व्यास ने बताया कि पूजन से पहले जिला प्रशासन ने पूजन से पहले व्यास जी के तहखाने की सफाई करवाई। इसके पश्चात उक्त स्थान पर गंगा जल से शुद्धिकरण किया गया।

वहीं सबसे पहले मंत्रो से भगवान गणेश का पूजन किया गया और उसके बाद वहां मौजूद विग्रह आदि के पूजन किए गए। पुजारी जितेंद्र व्यास ने बताया करीब एक घंटे तक विधि विधान से तहखाने में पूजन किया गया और वहां मौजूद सभी लोगो में प्रसाद वितरित कर दोबारा रास्ते को जिला प्रशासन ने आम दर्शनार्थियों के लिए बंद कर दिया है। अब दोबारा नियमित पूजा के लिए जिला प्रशासन और मंदिर प्रशासन बैठक कर निर्णय लेगा।

पुलिस को देख...

प्रयास किया तभी दूसरी पार्टी दूसरी तरफ चेकिंग कर रही थी। उन्हें देखकर हड़बड़ा गया और उसकी बाइक फिसल गई। पुलिस भागने का कारण पूछने का प्रयास किया तो पुलिस पार्टी पर युवक ने जान से मारने की नीयत से दो राउंड फायर किया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की जिससे युवक के पैर में गोली लगी। तलाशी देने पर उसे लूट के 9 मोबाइल दो खोखा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। आरोपी बदमाश ने अपना नाम पारस उर्फ सोनू बताया। घायल को जिला हास्पिटल एमएमजी में भर्ती कराया गया हैं । एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि बदमाश पारस उर्फ सोनू निवासी मौजपुर दिल्ली का रहने वाला है जिस पर दिल्ली में 33 मुकदमे पहले से दर्ज हैं। 6 लूट के मुकदमे पूर्व में ट्रांस हिन्डन में दर्ज है। वही 5 लूट का मामला अब खुला है 4 मोबाइल अभी भी ट्रेसिंग पर चल रहे हैं।

राष्ट्रीय लोक...

मामले एवं प्री-लिटीगेशन मामलों के साथ-साथ सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद, जिसमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन संधि के लिए इच्छुक हो, वह मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि आयोजित लोक अदालत को जनपद में सफल बनाने के लिये सम्बन्धित अधिकारियों के द्वारा अपनी विभागीय तैयारियॉ पूर्ण करने की कार्यवाही समय रहते कर ली जाये।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मैसर्स माईक्रो ट्रांसमिशन सिस्टमस, सी-23, सेक्टर-85, नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर की साझीदारी जिसमें श्री मनोज कुमार झा, श्री सुदेश कुमार झा साझीदार हैं, द्वारा संशोधित साझीदारीनामा दिनांक 11.03.2022 के अनुसार फर्म का नया पता 'डी-29, साईट-बी, यू0पी0एस0आई0 डी0सी0, सूरजपुर इण्डस्ट्रीयल एरिया, ग्रेटर नोएडा, जिला- गौतमबुद्धनगर-201310' पर परिवर्तित हो गया है।

आज्ञा से,
(मनोज आर झा)
साझीदार
मैसर्स माईक्रो ट्रांसमिशन सिस्टमस,
सी-23, सेक्टर-85, नोएडा, जिला- गौतमबुद्धनगर
परिवर्तित पता- डी-29, साईट-बी, यू0पी0एस0आई0डी0सी0,
सूरजपुर इण्डस्ट्रीयल एरिया, ग्रेटर नोएडा,
जिला- गौतमबुद्धनगर-201310

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना संख्याः ए.जी.सी.-ई.एल.जी.-टी-**06R1-2023-24** दिनांकः 29.01.2024

ई-निविदा सूचना

वारिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ऑन लाईन (E- Tendering) द्वारा खुली निविदा आमन्त्रित की जाती है।

टेन्डर संख्याः AGC-ELG-T-06R1-2023-24	**कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 1235674.12

कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधिः (A) आगरा छावनी के दक्षिण कॉलोनी में 02 नं. बोरेवेल के प्रावधान के लिए विद्युतीकरण का कार्य। **(B)** आगरा छावनी के उत्तर कॉलोनी में 02 नं. बोरेवेल के प्रावधान के लिए विद्युतीकरण का कार्य। **कार्य पूरा करने की अवधिः** 08 माह।

पूरी जानकारी एवं टेन्डर में भाग लेने हेतु Indian Railways Website **www.ireps.gov.in** देखें। टेंडर्स केवल बेव पोर्टल Indian Railways website **www.ireps.gov.in** पर **15:00 बजे** तक **दिनांक 20.02.2024** तक टेन्डर डाल सकते है। **179/24 (A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना संः-. **PRYJ-GSU-Sig-013-2023-24**

ई-निविदा सूचना

डिप्टी सीएसटीई गति शक्ति यूनिट (सिग्नल और टेलीकम्युनिकेशन) के द्वारा, उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित फॉर्म पर खुली ई-निविदा, वर्णित खुलने की तिथि को 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण इस प्रकार है-

क्र सं.: 1	निविदा संख्याः 013	काम की अनुमानित लागतः 54671975.48
कार्य का विवरणः प्रयागराज मंडलः उत्तर मध्य रेलवे में प्रयागराज डिवीजन पर आठसराय, एकदिल और फाफुंड स्टेशनों पर मौजूदा माल शेड का उन्नयन ।		अग्रिम राशिः 423400.00
		निविदा प्रपत्र की लागतः 0.00
		समापन अवधिः बारह महीने
		निविदा खुलने की तिथिः 26.02.2024

2. निविदा प्रपत्र की उपलब्धताः निविदा प्रपत्र **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। **3. धरोहर राशि जमा करना एवं उसका रूपः** उपरोक्त लिखित अग्रिम राशि केवल इंटरनेट बैंकिंग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन निविदा प्रपत्र के साथ जमा की जानी चाहिए। निविदादकर्ता (ओं) को ध्यान देना चाहिए कि, किसी भी मामले में, उपरोक्त निर्दिष्ट के अलावा किसी अन्य रूप में धरोहर राशि स्वीकार्य नहीं होगी। बिना उचित धरोहर राशि के निविदा किसी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और पूर्णतया अस्वीकृत कर दी जाएगी। **4. निविदा खुलने का समय तथा स्थानः** निविदा ई-निविदा के माध्यम से मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में 12.30 बजे या उसके बाद खोली जाएगी। यदि निविदा खोलने की तिथि को अवकाश होता है, तो निविदाएं अगले कार्य दिवस को खोली जाएंगी। **5. निविदा की वैधताः** निविदा खुलने की तारीख से 60 दिन। **6. निविदा से डील हेतु रेलवे के अधिकारः** रेल प्रशासन बिना कोई कारण बताए निविदा को स्थगित/संशोधित करने या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। **7. काम की समान प्रकृतिः** ईआई के डिजाइन, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग या ईआई के परिवर्तन से संबंधित कोई सिग्नलिंग कार्य। **184/24 (ADM)**

North central railways | @CPRONCR | @northcentralrailway | www.ncr.indianrailways.gov.in

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना संख्याः
NER BSB0SnT-OT-01-2024

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे /वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए "खुली-ई" निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रमांकः- 1., निविदा सूचना सं एवं कार्य का नामः- NER-BSB0SnT-OT-01-2024: कार्य का नामः-** वाराणसी मंडल में 36 महीने (03 वर्ष) के लिए आईपीएस और मिनी आईपीएस मेक अमरा राजा का विस्तृत वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध का कार्य। **विवरणः- अनुमानित लागतः-** रु. 15565592.88, **बयाना की राशिः-** रु. 227800.00, **निविदा प्रपत्र की कीमतः-** रू. 00.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः-** 36 माह, **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समयः-** 22.02.2024 को 15:00 बजे, **1.** ई-निविदा दिनांक 22.02.2024 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा। **2.** पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेवसाईट **i.e. www.ireps.gov.in** देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार
मुजाधि/सिग्नल-95 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

भाजपा का आरोप, ईडी को डराने के लिए लालू परिवार ने जुटाई भीड़

पटना । भाजपा ने आरोप लगाया है कि लालू और उसके परिवार ने ईडी के अफसरों को डराने के लिए भीड़ जुटाई थी। भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा कि रेलवे की नौकरी के बदले लोगों की कीमती जमीन लिखवाने के मामले में लालू प्रसाद यादव और उनके पुत्र तेजस्वी प्रसाद यादव से पूछताछ के दौरान ईडी पर दबाव बनाने और अफसरों को डराने के लिए समर्थकों की भारी भीड़ जुटाना राजद के आपराधिक चरित्र का सूचक है। सुशील मोदी ने अपना बयान जारी कर कहा कि ईडी पर दबाव बनाने और अफसरों को डराने के लिए अपनाये जा रहे हथकंडों से न तो जांच रुकेगी और न लालू परिवार दोषमुक्त हो पाएगा। उन्होंने कहा कि रेलवे की नौकरी के बदले जमीन लेने तथा मनी लॉन्ड्रिंग के प्रमाण मिलने पर सीबीआई ने आरोप पत्र दायर किया। इस आधार पर प्रवर्तन ईडी पिछले साल से लगातार कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने कहा कि पटना में लालू यादव और तेजस्वी से पूछताछ भी इसी प्रक्रिया का ?हिस्सा है। भाजपा सांसद मोदी ने कहा कि 10 मार्च 2023 को दिल्ली-पटना में लालू परिवार के विभिन्न परिसरों पर छापा मारा गया और एक करोड़ रुपए नकद तथा 1.25 करोड़ रुपए के कीमती सामान जब्त किए गए थे। ईडी ने उसी समय छह करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के मकान, फ्लैट और दिल्ली का बंगला भी जब्त किया था। 11 नवम्बर 2023 को लालू परिवार के लिए काम करने वाली फर्जी कंपनी एके इन्फोसिस्टम्स और एबी एक्सपोर्ट्स के मालिक अमित कात्याल की गिरफ्तारी हुई। वह अब भी न्यायिक हिरासत में है। सांसद मोदी ने कहा कि एके इन्फोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मालिक अमित कात्याल की गिरफ्तारी के बाद से लालू परिवार पर कानून का शिकंजा कसता गया। भाजपा सांसद ने कहा कि तेजस्वी यादव को बताना होगा कि वे दिल्ली में 150 करोड़ के मकान डी-1088 के मालिक कैसे बन गए।

नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की कैद

जींद । एक नाबालिग लड़की के अपहरण और उसके साथ दुष्कर्म करने के अपराध में एक व्यक्ति को जींद की एक अदालत ने 20 साल कैद की सजा सुनायी है। साथ ही उस पर 30 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। ?मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. चंद्रहास की अदालत ने एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के जुर्म में अभियुक्त प्रदीप को बीस साल के कारावास की सजा सुनायी और उसपर 30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने कहा कि जुर्माना न भरने की सूरत में अभियुक्त को दो साल की अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के अनुसार सिविल लाइन थानाक्षेत्र के एक व्यक्ति ने 17 मार्च 2023 को पुलिस में रिपोर्ट की थी की 16 मार्च को उसकी 17 वर्षीय बेटी घर से गायब है। उस दौरान शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि राम कालोनी के प्रदीप ने उसकी बेटी का अपहरण किया है। पुलिस ने गायब लड़की को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने प्रदीप के खिलाफ अपहरण के अलावा पोक्सो कानून की धाराएं भी लगाई थीं, तभी से यह मामला अदालत में चल रहा था।

लेह लद्दाख में चरवाहों ने चीनी सैनिकों को दिखाई आंख, यह भारत की भूमि

-चुशुल के पार्षद ने सोशल मीडिया पर शेयर किया वीडियो

नई दिल्ली । लेह लद्दाख के सुदूर पर्वतीय इलाके में फिर से चीनी सेना की नापाक हरकत सामने आई है। लद्दाख में चरवाहों के एक समूह ने चीनी सैनिकों का तब सामना किया जब उन्होंने भारत-चीन सीमा के पास स्थानीय लोगों को भेड़ चराने से रोकने की कोशिश की। चरवाहे, जिन्होंने 2020 के गलवान संघर्ष के बाद क्षेत्र में जानवरों को चराना बंद कर दिया था, अब क्षेत्र में लौट आए हैं लेकिन चीनी सेना ने उन्हें रोक दिया है। इस बात से घबराए बिना, लोगों ने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के सदस्यों से सवाल कर कहा कि वे भारतीय क्षेत्र में थे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा किया गया है, जिसमें कई लोगों ने चरवाहों की बहादुरी पर टिप्पणी की है। वीडियो साझा कर, चुशुल के पार्षद कोंचोक स्टैनजिन ने कहा कि वह खानाबदोशों को सलाम करते हैं। जो हमेशा हमारी भूमि की रक्षा के लिए खड़े रहते हैं और राष्ट्र की दूसरी संरक्षक शक्ति के रूप में खड़े होते हैं। स्टैनजिन ने कहा कि देखिए कैसे हमारे लोग पीएलए के सामने अपनी बहादुरी दिखा रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि जिस क्षेत्र को वे रोक रहे हैं, वह हमारे खानाबदोशों की चरागाह भूमि है। पीएलए हमारे खानाबदोशों को हमारे क्षेत्र में चरने से रोक रही है। ऐसा लगता है कि विभिन्न कारणों से यह कभी न खत्म होने वाली प्रक्रिया है धारणाओं की रेखाएँ। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा कि चरवाहों का सेना के सामने खड़ा होना यह देखकर खुशी होती है।

टीपू सुल्तान की मूर्ति पर जूतों की माला, कर्नाटक शहर में शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन

बैंगलोर। कर्नाटक के रायचूर जिले में बुधवार को उस समय तनाव फैल गया, जब मैसूर के पूर्व शासक टीपू सुल्तान की तस्वीर को जूते की माला पहनाई गई। मुस्लिम समुदाय ने यातायात अवरुद्ध कर भारी विरोध प्रदर्शन किया और उपद्रवियों की गिरफ्तारी की मांग की. प्रदर्शनकारियों ने सिरवार कस्बे में टायरों में भी आग लगा दी. बाद में चित्र से माला हटा दी गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया है कि वह 24 घंटे के भीतर बदमाशों को गिरफ्तार कर लेगी। इस आश्वासन के बाद धरना वापस ले लिया गया है। रायचूर के सिरवार पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। हालाँकि, यह पहली बार नहीं है कि कर्नाटक में टीपू सुल्तान को लेकर विरोध प्रदर्शन हुआ है। पिछले साल दिसंबर में टीपू सुल्तान के नाम पर मैसूरु हवाई अड्डे का नाम बदलने के कांग्रेस विधायक प्रसाद अब्बय्या के प्रस्ताव की कर्नाटक विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने तीखी आलोचना की थी। हुबली-धारवाड़ (पूर्व) विधायक का प्रस्ताव राज्य सरकार द्वारा हवाई अड्डों के नाम बदलने के लिए केंद्र को पत्र लिखने पर चर्चा के दौरान आया। सत्र के दौरान अब्बय्या ने कहा मैं मैसूरु हवाईअड्डे का नाम बदलकर टीपू सुल्तान हवाईअड्डा करने का प्रस्ताव करता हूं। इससे बीजेपी और बीजेपी विधायकों में हंगामा मच गया। 18वीं सदी के शासक कई वर्षों से कांग्रेस और भाजपा के बीच वाकयुद्ध के केंद्र में रहे हैं। मुस्लिम शासक को लेकर विवाद पहली बार 2016 में शुरू हुआ, जब तत्कालीन सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने 10 नवंबर को उनके जन्मदिन को 'टीपू जयंती' के रूप में मनाना शुरू किया। हालाँकि, भाजपा ने इस कदम का विरोध किया और 2019 में राज्य में सत्ता में आने के बाद इसे रद्द कर दिया गया।

कुल्लू-मनाली में सीजन का पहला स्नोफॉल, खुशगवार हुआ मौसम

-भारी बर्फबारी में अटल टनल के आसपास फंसे 300 पर्यटकों को सुरक्षित निकाला

शिमला । कुल्लू-मनाली में इस समय भारी बर्फबारी हो रही है। हालांकि लोग यहां पर लंबे समय से बर्फबारी-बारिश का इंतजार कर रहे थे। अब लेकिन हिमाचल प्रदेश के टूरिस्टों के लिए यह खुशखबरी है। प्रदेश भर में मनाली, कुल्लू, लाहौल स्पीति, डलहौजी, पांगी, भरमौर सहित ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई है। साथ ही मंडी, हमीरपुर, बिलासपुर सहित अन्य जिलों में बारिश हुई है। इस दौरान लाहौल स्पीति में अटल टनल सहित अन्य इलाकों में बड़ी संख्या में टूरिस्ट फंस गए थे, जिन्हें कुल्लू और लाहौल पुलिस ने सुरक्षित निकाला है। फिलहाल, बुधवार को प्रदेश के मंडी, कुल्लू, मनाली सहित ज्यादातर इलाकों में बादल छाए हुए हैं। ताजा जानकारी के अनुसार, कुल्लू पुलिस ने अटल टनल रोहतांग से सोलंगनाला तक 300 पर्यटकों को सुरक्षित रेस्क्यू कर मनाली पहुँचाया है। एसडीएम रमन शर्मा ने एसएचओ तहसीलदार और लोकल लोगों के साथ मिलकर रेस्क्यू अभियान चलाया है। एसडीएम रमन शर्मा ने बताया कि अटल टनल रोहतांग के आसपास भारी बर्फबारी में फंसे 50 पर्यटक वाहनों और एचआरटीसी बस मे क़रीब 300 पर्यटकों को प्रशासन की टीम ने सकुश?ल मनाली पहुंचाया। एसडीएम रमन शर्मा ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सभी टूरिस्ट सुरक्षित निकाल लिए गए हैं। इधर बर्फबारी का इंतजार कर रही मनाली की पब्लिक के लिए भी खुशखबरी है। मनाली शहर में सीजन का पहला हिमपात देर रात हुआ। यहां मंगलवार देर शाम पहले बारिश हुई और फिर बर्फबारी भी हुई। बर्फबारी के चलते मनाली में पर्यटन कारोबारी और किसान-बाग़वानों के चेहरे खिल गए हैं।

मंदिर कोई पिकनिक स्पॉट नहीं, यह धार्मिक स्थल है : उच्च न्यायालय

-तमिलनाडु के मंदिरों में हाई कोर्ट ने लगाई गैर हिंदुओं की एंट्री पर रोक

चेन्नई (एजेंसी)। मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु के मंदिरों में गैर हिंदुओं को प्रवेश पर रोक लगाते हुए कहा है कि मंदिर कोई पिकनिक स्पॉट नहीं, बल्कि यह धार्मिक स्थल है। मंगलवार को हाई कोर्ट ने हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती (एचआर एंड सीई) विभाग को सभी हिंदू मंदिरों में बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। जिसमें कहा गया हो कि गैर-हिंदुओं को कोडिमारम (ध्वजपोल) क्षेत्र से आगे जाने की अनुमति नहीं है। उन घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए जहां गैर-हिंदुओं ने कथित तौर पर गैर-धार्मिक उद्देश्यों के लिए मंदिरों में प्रवेश किया, मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै पीठ के न्यायमूर्ति एस श्रीमथी ने कहा, मंदिर कोई पिकनिक या पर्यटन स्थल नहीं है। कोर्ट के इस फैसले में बिना किसी हस्तक्षेप के अपने धर्म का पालन करने के हिंदुओं के मौलिक अधिकार पर जोर दिया गया। यह निर्णय डी सेंथिलकुमार द्वारा दायर एक याचिका के दौरान आया, जिन्होंने डिंडीगुल जिले के पलानी में अरुलमिगु पलानी धनदायुथापानी स्वामी मंदिर और उसके उप-मंदिरों में अकेले हिंदुओं को प्रवेश करने की अनुमति मांगी थी।

हाई कोर्ट ने मंदिर के प्रवेश द्वारों, ध्वजस्तंभ के पास और अन्य प्रमुख स्थानों पर ऐसे बोर्ड लगाने का निर्देश दिया, जो कोडिमारम से परे गैर-हिंदुओं पर प्रतिबंध का संकेत देते हों। इसमें यह भी कहा गया है कि यदि कोई गैर-हिंदू किसी विशिष्ट देवता के दर्शन करना चाहता है, तो उन्हें हिंदू धर्म में अपनी आस्था और मंदिर के रीति-रिवाजों का पालन करने की इच्छा की पुष्टि करने वाला एक वचन पत्र देना होगा। अदालत ने फैसला सुनाते हुए निर्देश दिया कि वे उन गैर-हिंदुओं को अनुमति न दें जो हिंदू धर्म में विश्वास नहीं करते हैं। यदि कोई गैर-हिंदू मंदिर में किसी विशेष देवता के दर्शन करने का दावा करता है, तो उत्तरदाताओं को उक्त गैर-हिंदू से एक वचन लेना होगा कि वह देवता में आस्था है, और वह हिंदू धर्म के रीति-रिवाजों और प्रथाओं का पालन करेगा और मंदिर के रीति-रिवाजों का भी पालन करेगा और इस तरह के उपक्रम पर उक्त गैर-हिंदू को मंदिर में जाने की अनुमति दी जा सकती है।

इतना ही नहीं अदालत ने मंदिर प्रशासन को रीति-रिवाजों, प्रथाओं और आगमों को सख्ती से बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसने आदेश को पलानी मंदिर तक सीमित रखने की उत्तरदाताओं की याचिका को खारिज कर दिया, और कहा कि सांप्रदायिक सद्भाव और शांति सुनिश्चित करने के लिए निर्देश सभी हिंदू मंदिरों पर लागू होना चाहिए। अदालत ने कहा कि यह एक बड़ा मुद्दा है और यह सभी हिंदू मंदिरों पर लागू होना चाहिए, इसलिए उत्तरदाताओं की याचिका खारिज कर दी जाती है। इसलिए, राज्य सरकार, मानव संसाधन और सीई विभाग, मंदिर प्रशासन में शामिल सभी व्यक्तियों को सभी हिंदू मंदिरों के लिए निर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया है।

बजट सत्र के दौरान संसद भवन की सुरक्षा में हुआ बड़ा बदलाव

नई दिल्ली । संसद का बजट सत्र आज बुधवार से शुरू हो गया है। इस दौरान संसद भवन परिसर की सुरक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव हुआ है, ताकि किसी तरह की कोई सुरक्षा में खामी न रहे। अब संसद की सुरक्षा में सीआईएसएफ को भी शामिल करते हुए खास चेकिंग हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार संसद भवन की सुरक्षा व्यवस्था के तहत अब बजट सत्र में भाग लेने वाले आम लोगों की खास ड्रिल के तहत चेकिंग हो रही है। संसद की सुरक्षा व्यवस्था में पहले भारी चूक हो चुकी है, जिससे सबक लेते हुए यह बदलाव हुआ है। अब संसद भवन के एंट्री प्वाइंट पर एयरपोर्ट की तरह सीआईएसएफ की 2 लेवल चेकिंग हो रही है। इसके अलावा हर आगंतुक के सामान को ट्रे में रखवा कर स्कैनर के जरिए चेक किया जा रहा है। अब संसद के बजट सत्र के मद्देनजर इस बार सीआईएसएफ आउटर लेयर की सुरक्षा का जिम्मा संभाल रही है, जिसमें फिस्किंग और चेकिंग शामिल है। सीआईएसएफ ने 140 जवानों को शुरुआत में बजट सत्र में फिस्किंग के लिए तैनात किया है। जवानों ने फिस्किंग का काम शुरू कर दिया है। इससे पहले सीआईएसएफ के सुरक्षा कर्मियों ने संसद भवन परिसर की महत्वपूर्ण ड्रिल की थी। उन्होंने भवन के कोने-कोने की तलाशी लेकर पहले संतुष्टि कर ली है। बताया जा रहा है कि पिछले सत्र में संसद भवन सुरक्षा चूक प्रकरण के बाद खासतौर पर इस ड्रिल को तैयार किया गया है, जिसमें दिल्ली पुलिस सीआईएसएफ और सीआरपीएफ के जवान शामिल हैं। संसद का बजट सत्र आज यानी 31 जनवरी से शुरू हो रहा है और 9 फरवरी तक चलेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण के साथ शुरू होने वाला संसद का बजट सत्र वर्तमान लोकसभा का आखिरी सत्र है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले 1 फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेंगी।

यूपी में इंडिया गठबंधन में रार, सीटों को लेकर कांग्रेस और सपा के बीच दिखी तानातनी

-सपा की 11 सीटों को कांग्रेस ने बताया हास्यास्पद

लखनऊ (एजेंसी)। पीएम मोदी को सत्ता से हटने के लिए बना इंडिया गठबंधन में इनदिनों सबकुछ ठीक नहीं है। इस कारण है कि उत्तर प्रदेश में भी समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच तनातनी देखने को मिल रही है। सपा द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस को 11 सीटें देने और 16 उम्मीदवारों के नाम के ऐलान पर कांग्रेस ने अपनी नाराजगी जाहिर की है। यूपी कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि स्वाभाविक रूप से, हम सभी को पहले एक आम सहमति पर आना होगा, इस बात पर आम सहमति है कि भारतीय जनता पार्टी को हराना है, लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि हम उन्हें कैसे हराएंगे, इसके लिए हम सभी को सहमत होना होगा चाहे वह किसी भी मामले में हो। हमें समय-समय पर समन्वय बनाते रहना होगा।

कांग्रेस नेता पांडे ने कहा कि अगर सपा कहती है कि उन्होंने कांग्रेस को सीटें दीं तब यह हास्यास्पद है। अगर कोई राष्ट्रीय पार्टी उनके साथ समझौता कर रही है, तब हमारी भी अपनी एक पहचान है। उन्होंने कहा कि अगर आज भी किसी को इसकी कमी लगती है, तब मैं समझता हूं कि उसे गलतफहमी में नहीं रहना चाहिए। कांग्रेस हमेशा से मजबूत रही है, कभी-कभी इसमें कुछ ढिलाई भी आई होगी, लेकिन आने वाले सालों में आप इस एक बड़ी ताकत के रूप में उभरता हुआ देख सकते है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि अगर सपा या कोई अन्य पार्टी कहती है कि उन्होंने कांग्रेस को सीटें दी हैं, तब मुझे नहीं पता कि मैं इस पर क्या टिप्पणी करूं, ये अपने आप में हास्यास्पद बातें हैं। कोई भी एकतरफा फैसला नहीं होता है, गठबंधन में शामिल सभी लोग एक साथ आते हैं और सर्वसम्मति से उस बात की घोषणा करते है। उन्होंने कहा कि आज भी हमारे मन में समाजवादी पार्टी के प्रति पूरा सम्मान है और बहुत सकारात्मक चर्चा चल रही है, लेकिन इस तरह के ट्वीट या ऐसी खबरें या प्रेस में दी जा रही ऐसी बातें निश्चित तौर पर सवालिया निशान खड़ा करती हैं। पांडे ने कहा कि अगर यह खुलेआम दिख रहा है कि समाजवादी पार्टी गठबंधन का पालन नहीं कर रही है, तब ऐसा ही है।

दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट कैंसिल होने पर जमकर हुआ हंगामा, नाराज पैसेंजर्स ने लगाए- इंडिगो चोर है के नारे

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली हवाईअड्डे पर भारी अराजकता फैल गई, जब यात्रियों ने देवघर जाने वाली उड़ान रद्द करने के बाद इंडिगो एयरलाइन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और नारे लगाए। उड़ान दिल्ली हवाईअड्डे के टर्मिनल 2 से उड़ान भरने वाली थी। समाचार एजेंसी एएनआई द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में यात्रियों के एक समूह को इंडिगो चोर है, 'इंडिगो हाय हाय' और 'बंद करो बंद करो' जैसे नारे लगाते हुए सुना जा सकता है। यह घटना विमानन नियामकों - नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीसीजीए) और नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) द्वारा एयरलाइन को कई देरी के बाद खींचे जाने के कुछ ही हफ्तों बाद हुई है, जिससे बड़े पैमाने पर अराजकता हुई। इंडिगो तब सुर्खियों में आया जब यात्रियों के एक समूह का मुंबई हवाई अड्डे के टरमैक पर बैठकर खाना खाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इंडिगो एयरलाइन और मुंबई हवाई अड्डे पर क्रमशः रू.1.20 करोड़ और रू.90 लाख का भारी जुर्माना लगाया।

इस बीच, घने कोहरे के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर खराब दृश्यता के कारण इंडिगो ने बुधवार को कई उड़ानें रद्द कर दीं और उनमें देरी हुई। यात्रियों के लिए एक एडवाइजरी जारी करते हुए इंडिगो ऑन एक्स ने कहा, अनुमानित खराब मौसम के कारण दिल्ली, श्रीनगर और चंडीगढ़ में उड़ान संचालन प्रभावित होने की संभावना है। कृपया हवाईअड्डे के लिए रवाना होने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति की जांच कर लें। राष्ट्रीय राजधानी में लगातार तीसरे दिन घने कोहरे की मोटी परत छाई रही, जिससे दृश्यता प्रभावित हुई और उड़ान सेवाएं प्रभावित हुईं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली हवाई अड्डे पर सुबह शून्य दृश्यता दर्ज की गई। आईजीआई हवाईअड्डे ने भी यात्रियों के लिए एक एडवाइजरी जारी करते हुए कहा, हालांकि दिल्ली हवाईअड्डे पर लैंडिंग और टेकऑफ़ जारी है, लेकिन जो उड़ानें सीएटी ढ्ढढ्ढ के अनुरूप नहीं हैं, वे प्रभावित हो सकती हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे अद्यतन उड़ान जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइन से संपर्क करें। किसी भी असुविधा के लिए गहरा खेद है।

ईडी ने पांचवी बार 2 फरवरी को केजरीवाल को पूछताछ के लिए बुलाया

नई दिल्ली । दिल्ली शराब घोटाला केस में फिर से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने समन किया है। आबकारी घोटाला मामले में ईडी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पांचवीं बार समन जारी कर 2 फरवरी को पूछताछ में शामिल होने को कहा है। इसके पहले ईडी ने चार समन जारी कर चुकी हैं। चारों बार केजरीवाल जांच एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए थे। इसके पहले दिल्ली शराब कांड में केजरीवाल को चौथे समन के तहत ईडी ने 18 जनवरी को पूछताछ में शामिल होने के लिए बुलाया था। केजरीवाल को तीसरा समन 3 जनवरी के लिए भेजा गया था। वहीं, पिछले साल दो नवंबर और 21 दिसंबर को भी अरविंद केजरीवाल को पूछताछ के लिए पेश होने के लिए कहा गया था। चारों समन में वह जांच एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए थे।

ममता ने कांग्रेस पर लगाया भाजपा की मदद का आरोप, बोलीं- एक भी सीट साझा नहीं करेंगे

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में गठबंधन के लिए तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व को मनाने की कांग्रेस पार्टी की कोशिशों के बीच, ममता बनर्जी ने बुधवार को मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व वाली पार्टी पर हमला करते हुए कहा कि सीपीआई (एम) के साथ उनका गठबंधन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मजबूत करेगा। एक टिप्पणी में, जिसने वास्तव में राज्य में इंडिया गुट को ख़त्म करने का आह्वान किया, उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उनकी दो सीटों की पेशकश को अस्वीकार कर दिया। ममता बनर्जी ने कहा कि कांग्रेस के पास राज्य विधानसभा में एक भी विधायक नहीं है। मैंने उन्हें दो लोकसभा सीटों की पेशकश की, दोनों मालदा में, लेकिन वे और अधिक चाहते थे। इसलिए, मैंने उनसे कहा कि मैं उनके साथ एक भी सीट साझा नहीं करूंगी। सीपीआई (एम) उनकी नेता है... क्या वे सीपीआई (एम) की यातनाओं को भूल गए हैं? ममता बनर्जी ने कहा कि वह वाम दल को कभी माफ नहीं कर पाएंगी क्योंकि उन्होंने पश्चिम बंगाल के लोगों पर अत्याचार किया है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि मैं सीपीआई (एम) को कभी माफ नहीं करूंगा।' मैं उन लोगों को भी माफ नहीं करूंगा जो सीपीआई (एम) का समर्थन करते हैं... क्योंकि ऐसा करके वे वास्तव में भाजपा का समर्थन करते हैं। पिछले पंचायत चुनाव में मैंने देखा है। बनर्जी ने कहा कि अगर मालदा से कांग्रेस के पूर्व दिग्गज दिवंगत गनी खान चौधरी के परिवार से कोई चुनाव लड़ता है तो उन्हें 'कोई आपत्ति नहीं' है। उन्होंने कहा कि वे (कांग्रेस) भाजपा को मजबूत करने के लिए सीपीआई (एम) के साथ मिलकर लड़ेंगे... केवल टीएमसी ही राज्य में भाजपा से राजनीतिक रूप से लड़ने में सक्षम है।

रामलला के खिलाफ अनशन, सुरन्या अय्यर के खिलाफ सोसायटी का एक्शन, मांफी मांगे या सोसायटी छोड़ दें

नई दिल्ली (एजेंसी)। अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर के खिलाफमें बयानबाजी करना और अनशन रखना कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर की बेटी को महंगा साबित हो रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर की बेटी सुरन्या अय्यर जिस सोसाइटी में रहती हैं, वहां से उन्हें निकलने को कहा गया है। दरअसल, कांग्रेस नेता की बेटी सुरन्या अय्यर ने राम मंदिर निर्माण और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के विरोध में तीन दिन का अनशन किया था। आरोप है कि उन्होंने सनातन धर्म के खिलाफ फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट किया था।

इसकारण सुरन्या के खिलाफ उनकी सोसाइटी की आरडब्ल्यूए ने एक्शन लिया है। आरडब्ल्यूए ने नोटिस जारी कर मणिशंकर और उनकी बेटी सुरन्या को पत्र लिखकर माफी मांगने को कहा है। आरडब्ल्यूए का कहना है कि दोनों या सार्वजनिक रूप से माफी मांगेंजनहीं सोसाइटी छोड़कर चले जाएं। दरअसल, मणिशंकर अय्यर की बेटी दिल्ली के जंगपुरा इलाके में रहती हैं। सोसाइटी के एक्शन पर सुरन्या ने फेसबुक पर अपना बयान जारी कर कहा, यह बयान मेरे फास्ट के बारे में एक टेलीविजन कहानी के संबंध में है। सबसे पहले संबंधित रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन जिस कॉलोनी से है, वहां मैं रहती ही नहीं हूं। दूसरा, मैंने फिलहाल मीडिया से बात न करने का फैसला किया है, क्योंकि अभी भारत में मीडिया केवल जहर और भ्रम फैला रहा है। आप मुझे जानते हैं। मैंने भारत में अब तक अपनी सारी उम्र (लगभग 50 वर्ष) के दौरान सभी राजनीतिक दृष्टिकोण के लोगों के साथ बड़ी हुई हूं, पढ़ी हूं, काम किया। फिलहाल मैं अपनी बातें अपने फेसबुक और यू-ट्यूब पेजों पर ही छोड़ूंगी ताकि आप स्वयं, शांति से, इसके बारे में सोच सकें। आइए हम गाली-गलौच के बजाय, कुछ सोचने का प्रयास करें, जय हिन्द!

दरअसल, जब अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी, तब मणिशंकर अय्यर की बेटी सुरन्या ने अनशन किया था। इसकी वजह से सोसाइटी के लोग नाराज दिख रहे थे। सुरन्या ने कहा था कि उन्होंने अपने मुस्लिम भाइयों के लिए अनशन किया था। इसके बाद से ही सोसाइटी के लोग उनके खिलाफएक्शन की मांग कर रहे थे।

बीते 12 वर्षों में जनवरी में सबसे ज्यादा ठंडी रही दिल्ली, उत्तर भारत में घना कोहरा

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में लोगों को ठंड के साथ-साथ प्रदूषण का कहर भी झेलना पड़ रहा है। दिल्ली एनसीआर में समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) भी 350 के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, यह जनवरी 12 साल में सबसे ठंडी है। आईएमडी का अनुमान है कि मंगलवार को मौसम की स्थिति खराब रहेगी, बुधवार और गुरुवार को हल्की बारिश होने की संभावना है, जिससे दिन के तापमान में और गिरावट आएगी। मौसम की मौजूदा खराबी के कारण रेल और उड़ान संचालन में देरी हो रही है, जबकि घने कोहरे के कारण खराब दृश्यता के कारण सुबह और रात के दौरान सड़क यात्रा को असुरक्षित माना गया है।

उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में भीषण कोहरे की स्थिति बनी हुई है, जिससे दृश्यता प्रभावित हो रही है और परिवहन बाधित हो रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने उत्तर पश्चिमी राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में बहुत घने कोहरे की सूचना दी है, जिसमें गंगानगर में केवल 25 मीटर की दृश्यता दर्ज की गई है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी अलग-अलग इलाकों में घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई। राष्ट्रीय राजधानी में, कोहरे की मोटी परत ने शहर को ढक लिया, जिससे दृश्यता प्रभावित हुई और आईएमडी को कुछ क्षेत्रों के लिए कोल्ड डे अलर्ट जारी करना पड़ा। न्यूनतम तापमान 6।8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली में पालम और सफदरजंग जैसे प्रमुख स्थानों पर दृश्यता 500 मीटर दर्ज की गई। अन्य प्रभावित क्षेत्रों में पंजाब, हरियाणा और पश्चिम उत्तर प्रदेश शामिल हैं, जहां मध्यम से हल्का कोहरा छाया रहा।

स्थिति पर प्रतिक्रिया करते हुए, आईएमडी ने 31 जनवरी और 1 फरवरी दोनों को दिल्ली में हल्की बारिश की आशंका जताई है, क्योंकि दूसरा पश्चिमी विक्षोभ मैदानी इलाकों में पहुंच रहा है। इसके अतिरिक्त, 29 जनवरी से 3 फरवरी तक पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में बारिश की संभावना है, जिससे उत्तरी क्षेत्रों में व्यापक वर्षा होगी, खासकर 30 और 31 जनवरी को। 3 फरवरी तक जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद और हिमाचल प्रदेश सहित क्षेत्रों में मध्यम बारिश या बर्फबारी की भविष्यवाणी की गई है। विशेष रूप से, 30 और 31 जनवरी को कश्मीर में भारी बारिश या बर्फबारी की उम्मीद है, हिमाचल के लिए भी ऐसी ही स्थिति का अनुमान है। 31 जनवरी को प्रदेश। 31 जनवरी से 2 फरवरी तक उत्तराखंड, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्लीवासियों की मंगलवार की सुबह घने कोहरे और सर्द सुबह के साथ हुई और न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी के पूर्वानुमान से पता चला है कि मंगलवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि कोहरे के कारण सुबह साढ़े पांच बजे पालम और सफदरजंग में दृश्यता कम होकर 50 मीटर रह

गई, इससे उड़ान और ट्रेन परिचालन बाधित हुआ। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने मंगलवार सुबह 6 बजे यात्रियों के लिए एक एडवाइजरी जारी की। मौसम विज्ञानी ने कहा, सुबह 9 बजे, पालम और सफदरजंग में दृश्यता लगातार 50 मीटर तक कम हो गई। इसके अलावा, शहर भर के कई स्टेशनों पर हवा की गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, आनंद विहार क्षेत्र में सुबह 9 बजे पीएम2.5 का स्तर 355 पर बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया और पीएम10 233 या खराब पर पहुंच गया।

डीन एल्गर का आरोप -

कोहली ने मुझ पर थूका था

- दो साल बाद डिविलियर्स के कहने के बाद विराट ने माफी मांगी थी

नईदिल्ली (एजेंसी)। साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान डीन एल्गर ने दावा किया है कि भारत के बल्लेबाज विराट कोहली ने एक टेस्ट मैच के दौरान उन पर थूका था। एल्गर ने भी विराट को मारने की धमकी दी थी। दो साल बाद रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) टीम के साथी एबी डिविलियर्स के कहने के बाद उन्होंने एल्गर से माफी मांगी थी। एल्गर ने एक पोडकास्ट में इस बात का खुलासा किया। एल्गर ने साल नहीं बताया, लेकिन अनुमान लगाया गया कि यह 2015 में साउथ अफ्रीका के भारत दौरे के दौरान यह घटना हुई जब उनकी कोहली और आर अश्विन के साथ झड़प हुई थी।

बल्ले से मार डालूंगा - एल्गर

एल्गर ने कहा कि, जब मैं बल्लेबाजी करने आया और अश्विन गेंदबाजी कर रहे थे। उस दौरान विराट कोहली ने मुझ पर थूका। मैंने उससे कहा कि अगर तुम ऐसा करोगे तो मैं तुम्हें इसी बल्ले से मार डालूंगा।

एल्गर को दो साल बाद फोन किया और मिलकर माफी मांगी

एल्गर ने खुलासा किया और कहा - जब डिविलियर्स को पता चला कि कोहली ने क्या किया है, तब वह उसके पास गया और पूछा, तुम मेरी टीममेट पर क्यों थूक रहे हो?

दो साल बाद साउथ अफ्रीका में, उन्होंने मुझे फोन किया और कहा कि वह सीरीज के बाद ड्रिंक के लिए मेरे साथ चल सकते हैं।

उन्होंने कहा कि वह इस हरकत के लिए माफी मांगना चाहते हैं। एल्गर ने अपनी कहानी समाप्त करते हुए कहा, हमने 3 बजे तक ड्रिंक किया और हां, वह कोहली के साथ मेरी पहली मुलाकात थी।

हाल ही में साउथ अफ्रीका और भारत के बीच दूसरे टेस्ट के बाद कोहली और एल्गर मजाक-मस्ती करते नजर आए थे। विराट ने एल्गर को रिटायरमेंट की बधाई दी और उनकी आखिरी पारी के बाद गले भी लगाया था।

भारत के खिलाफ आखिरी सीरीज खेली और संन्यास लिया

एल्गर ने दिसंबर में घरेलू मैदान पर भारत के खिलाफ साउथ अफ्रीका की दो टेस्ट मैचों की सीरीज के बाद कप्तान टेम्बा बावुमा की जगह लेते हुए इंटरेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया।

जय शाह एसीसी के चेयरमैन बने रहेंगे

एक साल के लिए कार्यकाल बढ़ाया गया

एनुअल मीटिंग में हुआ फैसला

बाली (एजेंसी)। जय शाह एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे। उनका कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है। बुधवार को एसीसी की एनुअल जनरल मीटिंग में सर्वसम्मति से जय शाह का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ाया गया। मंगलवार से इंडोनेशिया के बाली में एसीसी की एनुअल जनरल मीटिंग शुरू हुई थी जो खत्म हुई। मीटिंग 2 दिन की थी। जय शाह ने 2021 में बांग्लादेश के नजमुल हसन की जगह यह पद संभाला था।

एसीसी मीडिया राइट्स फिलहाल स्टार के पास- एनुअल मीटिंग में एशिया के सभी क्रिकेट बोर्ड के सदस्यों ने हिस्सा लिया। इसमें एसीसी मीडिया राइट्स पर भी फैसला लिया जाना था, लेकिन फैसला लिया गया या नहीं अब तक इसकी जानकारी नहीं है। जिसके तहत एशिया कप जैसा बड़ा टूर्नामेंट ब्रॉडकास्ट होता है। इसी में अंडर-23, अंडर-19 और विमेंस एशिया कप के मैच भी दिखाए जाते हैं। फिलहाल डिज्नी प्लस हॉटस्टार के पास डिजिटल और स्टार के पास ही टीवी राइट्स हैं। स्टार ने 8 साल पहले राइट्स खरीदे थे। एसीसी ने मीडिया राइट्स नीलामी के लिए सभी टॉप ब्रॉडकास्टर्स को डिनर पर इनवाइट भी किया है।

एशिया कप के वेन्यू पर भी फैसला होगा

मीटिंग में एशिया कप के अगले वेन्यू पर भी फैसला लिया जाना था। अब एशिया कप 2025 में होगा, जो टी-20 फॉर्मेट में कराया जाना है। टूर्नामेंट होस्टिंग के लिए यूएई और ओमान रेस में हैं। 2023 का एशिया कप पाकिस्तान की मेजबानी में श्रीलंका और पाकिस्तान में हुआ था, जिसे भारत ने जीता था। यूएई और ओमान को एशिया कप की होस्टिंग मिलने में एक समस्या और भी है। टूर्नामेंट की मेजबानी फुल मेंबर एशियन बोर्ड को ही मिलती है और दोनों ही देश एसोसिएट नेशन हैं। हालांकि 2018 और 2022 के दौरान टूर्नामेंट यूएई में खेला गया था, लेकिन तब भारत और श्रीलंका के पास होस्टिंग राइट्स थे। ऐसे में होस्टिंग राइट्स किसी फुल मेंबर बोर्ड के पास ही रहेंगे।

1983 में हुई थी एसीसी की स्थापना

एसीसी की स्थापना 1983 में हुई थी। इस संगठन का मकसद एशिया में क्रिकेट के खेल को डेवलप करना है। इसे इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) से मान्यता प्राप्त है। फिलहाल 25 देश एसीसी के सदस्य हैं।

अफगानिस्तान के खिलाफ श्रीलंका ने

टेस्ट टीम की घोषणा की

कोलंबो (एजेंसी)। श्रीलंका ने अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए अपनी 16 सदस्यीय टीम घोषणा कर दी है। दोनों टीमों के बीच एकमात्र टेस्ट दो से छह फरवरी के बीच कोलंबो में खेला जाएगा। नए टेस्ट कप्तान धनंजय डी सिल्वा टीम की अगुवाई करेंगे जबकि कुसल मेंडिस को उप-कप्तान बनाया गया है। टीम में दिमुथ करुणारत्ने, एंजेलो मैथ्यूज और दिनेश चंडीमल जैसे कई अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल किया गया हैं। टेस्ट टीम में तीन नये खिलाड़ियों लाहिरू उदारा, चमिका गुणसेकरा, और मिलन रथनायके को जगह दी गई है। उदारा विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं, जबकि गुनासेकरा और रथनायके तेज गेंदबाज हैं।

श्रीलंका टेस्ट टीम

धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), कुसल मेंडिस (उप-कप्तान), दिमुथ करुणारत्ने, निशान मदुष्का, एंजेलो मैथ्यूज, दिनेश चंडीमल, सदीरा समरविक्रमा, रमेश मेंडिस, असिथा फर्नांडो, विश्वा फर्नांडो, कासुन राजिथा, कामिंडु मेंडिस, प्रभात जयसूर्या, लाहिरू उदारा, चमिका गुणसेकरा और मिलन रतनायके।

सरफराज या पाटीदार- दूसरे टेस्ट में किसे मिलेगा मौका

- एक का खेलना निश्चित
- शुभमन, सिराज बाहर बैठे तो दोनों कर सकते हैं डेब्यू

नईदिल्ली (एजेंसी)। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में टीम इंडिया नए प्लेइंग-11 के साथ उतरेगी। टीम के बैटर केएल राहुल और लेफ्ट आर्म स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा चोट की वजह से दूसरे मैच से बाहर हो गए हैं। मैच में सरफराज खान या रजत पाटीदार को मौका मिल सकता है। ऐसा भी हो सकता है कि दोनों को डेब्यू का मौका मिल जाए, लेकिन ऐसा दो सिनेरियो में ही संभव है।

पाटीदार ने वनडे डेब्यू कर लिया है, लेकिन सरफराज को अब तक किसी फॉर्मेट में मौका नहीं मिला है। पाटीदार को विराट कोहली की जगह टेस्ट स्क्वॉड में शामिल किया गया था। पूर्व कप्तान कोहली निजी कारणों से शुरुआती दो टेस्ट का हिस्सा नहीं हैं। वहीं सरफराज को इंजर्ड राहुल की जगह टीम में चुना गया।

पहला- एक ही फास्ट बॉलर खेले, रजत-सरफराज दोनों को मौका

टीम इंडिया के दो खिलाड़ी चोट की वजह से दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। पिछले मैच की प्लेइंग-11 के 9 खिलाड़ी फिट हैं। ऐसे में टीम इंडिया दूसरे मैच में 7 बैटर्स, 3 स्पिनर्स और एक फास्ट बॉलर के कॉम्बिनेशन के साथ उतर सकती है। इस स्थिति में रजत और सरफराज दोनों को डेब्यू का मौका मिल सकता है।

दूसरा टेस्ट विशाखापट्टनम में खेला जाएगा। जहां स्पिनर्स ज्यादा हावी रहते हैं, ऐसे में टीम किसी एक पेसर और 3 स्पिनर्स के साथ भी उतर सकती है। वहीं मोहम्मद सिराज को बाहर बैठाकर सिर्फ जसप्रीत बुमराह और 3 स्पिनर्स को मौका दिया जा सकता है। जडेजा की कुलदीप यादव खेल सकते हैं, जबकि बाकी 2 स्पिनर्स रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल रहेंगे।

सिराज को हैदराबाद टेस्ट में ज्यादा बॉलिंग का मौका नहीं मिला, ऐसे में टीम उन्हें बाहर बैठा सकती है। सिराज 2 पारियों में एक भी विकेट नहीं ले पाए थे। वहीं इंग्लैंड के इकलौते फास्ट बॉलर मार्क वुड भी कुछ खास नहीं कर सके थे। ऐसे में दूसरे टेस्ट में 2 पेसर्स को खिलाने का कोई फायदा नजर नहीं आता।

पॉसिबल प्लेइंग-11 रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, श्रेयस अय्यर, सरफराज खान, केएस भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह।

दूसरा- दो फास्ट बॉलर खेले, पाटीदार या सरफराज में किसी एक को मौका

पहले टेस्ट की तरह दूसरे टेस्ट में भी टीम 6 बैटर, 3 स्पिनर्स और 2 पेसर्स के साथ भी जा सकती है। जडेजा की जगह कुलदीप का खेलना लगभग कन्फर्म है क्योंकि वह ही स्पिन कंडीशन में टीम के तीसरे बेस्ट स्पिनर हैं। उनके साथ अश्विन और अक्षर स्पिनर रहेंगे, वहीं पेसर्स में बुमराह और सिराज ही खेलेंगे। इस कंडीशन में राहुल की जगह पाटीदार या सरफराज में से किसी एक को ही मौका मिलेगा। पाटीदार स्क्वॉड में पहले टेस्ट से हैं, जबकि सरफराज दूसरे टेस्ट में शामिल किए गए। ऐसे में पाटीदार को प्राथमिकता दी जा सकती है। हालांकि, देखने वाली बात ये होगी कि क्या टीम इंडिया स्पिन फ्रेंडली पिच पर फिर से 2 पेसर्स को खिलाने की गलती करेगी।

पॉसिबल प्लेइंग-11-

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार/सरफराज खान, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

विष्णु सरवनन ने सेलिंग में भारत के लिया हासिल किया पेरिस ओलंपिक का पहला कोटा

एडिलेड (एजेंसी)। टोक्यो ओलंपियन विष्णु सरवनन ने बुधवार को आईएलसीए 7 पुरुष विश्व चैंपियनशिप 2024 में पेरिस ओलंपिक के लिए सेलिंग में भारत का पहला कोटा हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड सेलिंग क्लब में आयोजित वन पर्सन डिंगी स्पर्धा में सरवनन ने छह दिनों में 125 नेट अंक हासिल किए और वह ओवऑल लीडरबोर्ड पर 26वें स्थान पर रहे। हालांकि, वह पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए कोटा सुरक्षित करने वाले नाविकों में पांचवें स्थान पर रहे।

आईएलसीए 7 पुरुष विश्व चैंपियनशिप पेरिस 2024 के लिए एक क्वालीफाइंग स्पर्धा है जिसमें उन देशों के लिए सात कोटा शामिल थे, जिन्होंने पहले ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं किया था। एडिलेड मीट में प्रस्तावित अन्य छह कोटा ग्वाटेमाला, मोंटेनेग्रो, चिली, डेनमार्क, तुर्की और स्वीडन को मिले है। एडिलेड में यह रेस 26 से 31 जनवरी तक आयोजित की गई थी, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के कुल 152 आईएलसीए 7 वर्ग (स्मॉल सिंगल-हैंडेड डिंगी) सेलर ने हिस्सा लिया था। भारत के मोहित सैनी 329 नेट अंकों के साथ कुल मिलाकर 136वें स्थान पर रहे।

मौजूदा ओलंपिक चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू वेर्न ने 24.0 नेट अंकों के साथ खिताब जीता। टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता नॉर्वे के हरमन टॉमसगाड 34.0 अंकों के साथ रजत पदक, ब्रिटेन के माइकल बेकेट ने 41.0 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। उल्लेखनीय है कि सेलिंग में कम अंक बेहतर होते हैं। पिछले वर्ष सरवनन ने इसी सेलिंग कैटेगरी में हांगझोऊ में आयोजित एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने टोक्यो 2020 में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया था, जहां वह फील्ड ऑफ 35 में 20वें स्थान पर रहे थे। पेरिस 2024 में सेलिंग स्पर्धा 28 जुलाई से आठ अगस्त तक आयोजित की जाएगी।

मयंक अग्रवाल ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई

फ्लाइट में बीमार हुए थे, सूरत जाते समय तबीयत बिगड़ी

अगरतला(एजेंसी)। भारतीय क्रिकेटर मयंक अग्रवाल की तबीयत मंगलवार को अचानक खराब हो गई। अगरतला से सूरत की यात्रा के दौरान फ्लाइट में उन्हें मुंह और गले में जलन होने लगी। इसके बाद उन्हें अगरतला के एक अस्पताल ले जाया गया। मीडिया के मुताबिक, अग्रवाल ने इसकी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

अग्रवाल को आईसीयू में भर्ती कराया गया था। 32 माल के खिलाड़ी अब खतरे से बाहर है। अग्रवाल इस समय में चल रही 2023-24 रणजी ट्रॉफी में कर्नाटक की कप्तानी कर रहे हैं। दरअसल, अग्रवाल ने अपने मैनेजर के जरिए पुलिस में फॉर्मल कंप्लेंट दर्ज कराई थी।

बोतलबंद पानी पीते ही बीमार हुए- मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अग्रवाल को मुंह और गले में जलन की शिकायत हुई। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। अग्रवाल को बोतल से पानी पीने के तुरंत बाद जलन हुई, जिसमें मिलावटी पदार्थ होने का संदेह है। कर्नाटक के कप्तान के साथ ही टीम मैनेजर रमेश भी विमान से उतर गए।

अगला रणजी मैच नहीं खेलेंगे- अग्रवाल की टीम कर्नाटक ने 26-29 जनवरी को अगरतला के महाराज बीर बिक्रम स्टेडियम में त्रिपुरा पर 29 रन से जीत हासिल की। कर्नाटक शुक्रवार (2 फरवरी) से सूरत के लालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में रेलवे के खिलाफ मैच खेलना है। इसके लिए ही अग्रवाल सूरत जा रहे थे। वे सौराष्ट्र के खिलाफ होने वाले इस मैच में नहीं खेल सकेंगे।

अग्रवाल ने 4 मैच में 460 रन बनाए- अग्रवाल मौजूदा रणजी ट्रॉफी सीजन में अब तक जबरदस्त फॉर्म में हैं, उन्होंने चार मैचों में 460 रन बनाए हैं। इसमें दो शतक उनके नाम हैं। कर्नाटक रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप के ग्रुप सी में चार मैचों में 15 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, उसने दो मैच जीते हैं और एक मैच हारा है।

भारत के लिए 21 टेस्ट खेले- अग्रवाल ने 2018 में डेब्यू के बाद से भारत के लिए करियर में कुल 21 टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने 21 मैचों में 41.3 की औसत से 1488 रन बनाए, जिसमें उनके नाम चार शतक शामिल हैं। भारत के लिए उनकी आखिरी पारी मार्च 2022 में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट मैच में थी। अग्रवाल ने 5 वनडे भी खेले हैं।

आईपीएल में हैदराबाद का हिस्सा हैं अग्रवाल

अग्रवाल 2023 में शामिल होने के बाद 2024 सीजन के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद का हिस्सा हैं। अग्रवाल ने लीग के 2022 सीजन में पंजाब किंग्स की कप्तानी भी की थी।

साक्षी मलिक ने संजय सिंह पर उठाए सवाल, बोलीं-

डब्ल्यूएफआई से सस्पेंड होने के बाद खिलाड़ियों को बांट रहे फर्जी सर्टिफिकेट, कार्रवाई करे सरकार

रोहतक (एजेंसी)। डब्ल्यूएफआई विवाद के बीच पहलवान साक्षी मलिक ने सोशल मीडिया एक्स पर एक खिलाड़ी का सर्टिफिकेट साझा कर भाजपा सांसद बृजभूषण के करीबी संजय सिंह पर सवाल उठाए। कहा कि सरकार द्वारा गतिविधियों से सस्पेंड करने के बाद भी संजय सिंह खिलाड़ियों को फर्जी सर्टिफिकेट बांट रहे हैं। जब खिलाड़ी नौकरी लेने जाएंगे तो उन पर सरकार कार्रवाई करेगी, इससे पहले अभी सरकार

संजय सिंह पर कार्रवाई करे।

साक्षी मलिक ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि भारत सरकार ने बृजभूषण के साथी संजय सिंह की गतिविधियों को सस्पेंड कर दिया था। उसके बावजूद संजय सिंह अपनी मनमर्जी चला नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप करवा रहे हैं। खिलाड़ियों को फर्जी सर्टिफिकेट बांट रहे हैं, जोकि गैरकानूनी है।

खेल मंत्री से अपील- खिलाड़ियों का भविष्य खराब न होने दें

डब्ल्यूएफए से सस्पेंड आदमी कैसे संस्था के पैसे का दुरुपयोग कर सकता है। कल जब खिलाड़ी इन सर्टिफिकेट को लेकर नौकरी मांगने जाएंगे तो उन पर कार्रवाई होगी। जबकि, खिलाड़ियों की कोई गलती नहीं है। कार्रवाई तो ऐसा फ्रॉड करने वाले संजय सिंह पर अभी से होनी चाहिए। जिसकी गतिविधियों पर रोक लगाए जाने के बावजूद फर्जीवाड़ा कर रहा है। मैं खेलमंत्री अनुराग ठाकुर से अपील करती हूं कि आप इस मसले को देखें और खिलाड़ियों का भविष्य खराब होने से बचाएं।

नेल पेंट में हिट हैं ग्रीन कलर के शेड्स

आपको भी हर रोज शेड बदल-बदलकर नेल पेंट लगाने का शौक है तो गर्मी के सीजन के नेलपेंट कलेक्शन में अब ग्रीन के भी कुछ शेड्स ऐड कर लीजिए। मौसम बदलने के साथ ही हमारे वार्डरोब के कपड़ों के टेक्श्चर और कलर सीजन के हिसाब से बदल जाते हैं। अब नेलपेंट कलर्स भी इस दौड़ में शामिल हो गए हैं। इस समय ग्रीन नेल पेंट बहुत ज्यादा पसंद किया जा रहा है.

ये शेड्स हैं उपलब्ध

इन गर्मियों में हरा रंग ट्रेंड में है। ग्रीन के कई तरह के शेड मार्केट में मौजूद हैं। ऑलिव ग्रीन से लेकर, ब्राइट ग्रीन, खाकी ग्रीन, अवोकेडो, ग्रास ग्रीन, मिंट ग्रीन और ट्रडिशनल ग्रीन। आप अपनी पसंद के अनुसार ग्रीन का कोई भी शेड चुन सकती हैं। नेलपेंट मार्केट में उतारने वाले लगभग सभी इंटरनैशनल ब्रांड्स ने अपनी नई रेंज लॉन्च कर दी है, जिसमें ग्रीन कलर के शेड्स को वरीयता दी गई है। इन कलर्स की सबसे अच्छी बात यह है कि ये इतने सोबर हैं कि इन्हें किसी भी रंग की ड्रेस के साथ लगाया जा सकता है।

छोटे नेल्स पर लगता है ज्यादा सुंदर

एक्सपर्ट्स की मानें तो इन कलर्स को लंबे नाखून पर नहीं लगाना चाहिए। इनका सबसे अच्छा लुक छोटे नाखूनों पर आता है। इसके लिए सबसे पहले आप अपने नाखूनों को काटकर राउंड शेप में कर लीजिए और फिर नेल पेंट अप्लाई कीजिए।

ऐसे करे टीम-अप

ग्रीन कलर के नेलपेंट अप्लाई करते समय इस बाद का ध्यान रखें कि इनकी टोन आपके लुक को कॉम्प्लीमेंट करे। जैसे कि सिर्फ अलग से आपके हाथ ही हरे रंग में रंगे हुए न दिखें। आप इस शेड में आई शेडो यूज कर सकती हैं। स्कार्फ कैरी कर सकती हैं या हेयर असेसरीज के साथ टीम-अप कर सकती हैं।

प्लेसेंटा के जरिए बच्चे में ट्रांसफर होती है मां की इम्यूनिटी

बच्चा जब पैदा होता है तो उसके शरीर की इम्यूनिटी यानी रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहद कमजोर होती है। ऐसे में बच्चे के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने और उसे दोस्त और दुश्मन के बीच का फर्क समझाने में माएं अहम रोल अदा करती हैं। हाल ही में हुई एक स्टडी के नतीजे बताते हैं कि मांएं प्लेसेंटा के जरिए अपने शरीर के ऐंटिबॉडीज को अपने नवजात बच्चे में ट्रांसफर कर देती हैं।

बेहतर मैटरनल वैक्सीन बनाने की जरूरत

इस स्टडी में अनुसंधानकर्ताओं की टीम ने यह जानने की कोशिश की कैसे एक प्रेग्नेंट महिला के शरीर की वैक्सीन से प्रेरित इम्यूनिटी उसके होने वाले बच्चे में ट्रांसफर होती है। यही वजह है कि और ज्यादा बेहतर मैटरनल वैक्सीन विकसित करने की बात भी कही जा रही है।

इम्यून सिस्टम को खुद ही विकसित करना होता है

सेल पेपर नाम के जर्नल में प्रकाशित इस स्टडी के लीड ऑथर गैलिट ऑल्टर कहते हैं, जब बच्चा पैदा होता है तो अपने जीवन के पहले ही दिन वह ब्रैंड न्यू इम्यून सिस्टम के साथ आता है। ऐसे में बच्चों को वातावरण में मौजूद माइक्रोब्स में से कौन से मददगार हैं और कौन हानिकारक इसमें अंतर करना खुद ही सीखना पड़ता है।

प्लेसेंटा ऐंटिबॉडीज ट्रांसफर का काम करता है

अनुसंधानकर्ताओं की मानें तो नवजात बच्चे के इम्यून सिस्टम को दोस्त और दुश्मन के बीच का फर्क समझाने के लिए माएं अपने शरीर के ऐंटिबॉडीज को प्लेसेंटा के जरिए बच्चे में ट्रांसफर कर देती हैं। हालांकि प्लेसेंटा यह बेहद अहम कार्य कैसे करता है इस बारे में अब तक कोई जानकारी नहीं मिली है।

कुछ ही बीमारियों में असरदार हैं ये ऐंटिबॉडीज

मां के शरीर की ऐंटिबॉडीज कुछ बीमारियों जैसे मीजल्स में मां से नवजात में ट्रांसफर होकर बच्चे को तब तक बीमारी से बचाकर रखती हैं जब तक बच्चा खुद वैक्सीन लेने लायक न हो जाए। लेकिन पोलियो जैसी बीमारियों में बच्चे में ट्रांसफर हुई मां की ऐंटिबॉडीज असरदार साबित नहीं होती।

अगर आप बच्चों के साथ खाली वक्त में कुछ मजेदार करना चाहती हैं तो ऐसे में आप उनके साथ यह माइंड गेम्स खेल सकती हैं।

बच्चों के साथ मिलकर खेलें यह माइंड गेम्स, नहीं पड़ेगी टॉयज खरीदने की जरूरत

जब बच्चों के पास समय होता है तो वह गेम्स खेलना काफी पसंद करते हैं। लेकिन इन दिनों जब हम सभी कोरोना संक्रमण के डर के साए में जी रहे हैं तो ऐसे में पैरेंट्स बच्चों को बाहर जाकर खेलने नहीं देना चाहते हैं। जिसके कारण वह इनडोर गेम्स खेलकर एक अच्छा वक्त बिता सकते हैं। हालांकि, इसके लिए वह पैरेंट्स से तरह-तरह के गेम्स लाने की जिद करते हैं।

लेकिन अगर आप अपने बच्चे को खुश भी करना चाहती हैं और बहुत अधिक पैसे खर्च नहीं करना चाहती हैं तो ऐसे में आप उनके साथ कुछ मजेदार माइंड गेम्स खेल सकती हैं। यह गेम्स ना केवल बच्चे को बेहद खुश करेंगे, बल्कि इससे उनका टाइम भी बेहद आसानी से पास होगा। साथ ही साथ, इन माइंड गेम्स को खेलने के कारण उनका दिमागी विकास भी होगा। तो चलिए आज हम आपको कुछ ऐसे ही माइंड गेम्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आप बच्चों के साथ मिलकर खेल सकती हैं और इसके लिए आपको अतिरिक्त पैसे भी खर्च करने की आवश्यकता नहीं होगी-

पूछें पहेली

आप बच्चों से तरह-तरह की पहेलियां पूछ सकते हैं। हो सकता है कि शुरूआत में उन्हें इसे सॉल्व करने में थोड़ी समस्या हो। लेकिन बाद में, धीरे-धीरे उनके लिए उत्तर ढूंढना काफी आसान हो जाएगा। आप पहेली में रिजनिंग से लेकर मैथ्स तक के कई सवाल उनके सामने रख सकते हैं। पहेलियां सॉल्व करने में बच्चों को काफी मजा आता है। इनसे ना केवल उनका माइंड तेज होता है, बल्कि नई चीजों के प्रति उनकी जिज्ञासा भी बढ़ती है। अगर आपको बहुत अधिक पहेलियां नहीं आती हैं तो इसके लिए आप इंटरनेट की मदद भी ले सकती हैं।

मेमोरी गेम्स में आएगा मजा

इस गेम को ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों तरह से खेला जा सकता है। ऐसे कई ऑनलाइन एप्स होते हैं, जिसमें बच्चों की उम्र के अनुसार मेमोरी गेम्स दिए जाते हैं। इन गेम्स में तरह-तरह की शेप, डिजाइन व पैटर्न को एक के बाद एक दिखाया जाता है और बाद में उन्हें पहचानना होता है कि उन्होंने किस तस्वीर को देखा था। आप चाहें तो कार्ड्स की मदद ऐसे ही पैटर्न बना सकती हैं और फिर बच्चों के साथ यह गेम्स खेल सकती हैं।

खेलें टंग ट्विस्टर

यह एक ऐसा माइंड गेम है, जिसे बच्चे से लेकर बड़े तक बेहद आसानी से खेल सकते हैं। इस गेम में कुछ शब्दों या लाइनों को बार-बार रिपीट किया जाता है। ऐसा करने से ना केवल बच्चे की मेमोरी बढ़ती है, बल्कि इससे कहीं ना कहीं एक सकारात्मक प्रभाव उनकी रीडिंग पर भी पड़ता है। साथ ही यह उनकी बोलने की क्षमता पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है और उनका कॉन्फिडेंस बिल्डअप करता है।

मिलकर खेलें सुडोकू

सुडोकू एक ऐसा गेम है, जो देखने में काफी सिंपल लगता है, लेकिन इससे दिमाग की अच्छी खासी कसरत हो जाती है। दरअसल, इस गेम में एक स्क्वेयर बॉक्स होता है, जिसमें एक रॉ में 1 से लेकर 9 तक नंबर लिखने होते हैं। लेकिन इस बात का ध्यान रखना होता है कि किसी भी लाइन में नंबर रिपीट ना हो। इसलिए, जब बच्चे इस गेम को खेलते हैं तो वह एक नंबर लिखने से पहले उसके आगे की पूरी लाइन को चेक करते हैं, जिससे उनका दिमाग तेज होता है।

खेलें वर्ड चेन

यह भी एक बेहद आसान गेम है, लेकिन काफी मजेदार है। इस गेम की खासियत यह होती है कि यह बच्चे की मेमोरी पावर को बूस्ट अप करने में काफी मददगार है। इस गेम में दो या दो से अधिक प्लेयर हो सकते हैं। गेम खेलते समय सबसे पहले एक शब्द बोला जाता है और फिर दूसरा प्लेयर पहले शब्द के साथ-साथ अन्य कोई दूसरा शब्द बोलता है। इसी तरह पहले प्लेयर को फिर उन दो शब्दों के साथ-साथ एक नया शब्द जोड़ना होता है। इसी तरह क्रम आगे चलता रहता है और हर बार एक नया शब्द जुड़ता जाता है। ऐसे में शब्दों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ती जाती है और फिर जल्द ही कोई प्लेयर जब वर्ड चेन का कोई शब्द भूल जाता है या फिर उसका क्रम गलत हो जाता है तो वह आउट हो जाता है। यकीन मानिए, यह एक ऐसा गेम है, जिसे खेलते-खेलते बच्चे कभी भी बोर नहीं हो सकते।





जॉब इंटरव्यू में खुद को कैसे प्रिजेंट करें

ब्लेजर या लेयरिंग पीस

अपने किसी कैजुअल आउटफिट को भी आप सही तरीके से अगर लेयरिंग करके पहनें तो फॉर्मल का लुक दे सकती हैं। लिहाजा अपने साथ हमेशा एक ब्लेजर कैरी करें। आप चाहें तो साथ में ट्राउजर्स या जींस के साथ फॉर्मल दिखने वाली ब्लाउज या टॉप पहन सकती हैं। ऐसे में अगर आपको लगे कि जहां आप इंटरव्यू के लिए आयी हैं वहां के माहौल ज्यादा फॉर्मल है तो ब्लेजर पहनकर आप अपने कैजुअल लुक भी फॉर्मल टच दे सकती हैं।

सिंपल रखें शूज

आपके जूते या फुटवेअर आपके बारे में काफी कुछ कहते हैं। वैसे तो महिलाओं के पास जूतों से भरा पूरा कलेक्शन होता है लेकिन इंटरव्यूज के लिए इस बात का ध्यान रखें कि आप बहुत ज्यादा फैन्सी नहीं बल्कि सिंपल शूज पर फोकस करें। साथ ही आपके शूज अच्छी तरह से साफ होने चाहिए। ऐसे शूज चुनें जो फ्रंट से बंद हो और जिन्हें पहनकर आप किसी भी सर्फेस पर आसानी से चल सकें। इंटरव्यू किसी भी नौकरी का वह स्टेप होता है, जहां आपको अपनी क्षमताओं और योग्यताओं को दिखाने का मौका मिलता है। अगर इस दौरान आप अपनी तैयारी, फिजिकल अपीयरेंस और बॉडी लैंग्वेज में अहम भूमिका निभाकर अच्छा इंप्रेशन जमाते हैं तो आप अपनी नौकरी पक्की कर सकते हैं। इसके अलावा अगर आप कुछ और बातों पर ध्यान देंगे तो इंटरव्यू में और इंप्रेशन जमा सकते हैं।

इंटरव्यू के लिए जब जाएं तो बुनियादी चीजों को ध्यान में रखें। स्मार्ट तरीके से कपड़ा पहनना और समय का पाबंद होने की खास अहमियत है। वर्क बेटर ट्रेनिंग में सीईओ स्वप्निल कामत कहते हैं कि इंटरव्यू स्थल पर समय से कम से कम 15 मिनट पहुंचना सही होता है। खुद को नर्वस मत दिखाएं। जब इंटरव्यू के लिए जाएं तो शांत रहें। पहला पॉजिटिव इंप्रेशन जमाने के लिए हैंडशेक बहुत जरूरी है। अपने इंटरव्युअर से ठीक ढंग से हाथ मिलाएं। आपकी पकड़ न तो ज्यादा हल्की होनी चाहिए और न ही हड्डी तोड़ने वाली। आइडियल हैंडशेक कम से कम दो या तीन सेकंड्स का होना चाहिए और इस दौरान अपने इंटरव्युअर से आंख मिलाएं। हायरिंग मैनेजर्स कैंडिडेट की बॉडी लैंग्वेज जैसे उनके चेहरे के भाव और बैठने के अंदाज को देखकर उनके बारे में राय बनाते हैं। इंटरव्यू के दौरान पॉजिटिव और ओपन पोजिशन बनाए रखें। पॉस्चर अहम है। कैंडिडेट को इंटरव्युअर के साथ इस तरह की पोजिशन में बैठना चाहिए, जिससे फ्रेंडली लगे। जॉब, इसकी चुनौतियों, जिस प्रॉजेक्ट पर आपको काम करना है और उस रोल में आप से जो उम्मीदें हैं, उसके बारे में जरूर पूछें। सैलरी या पद के बारे में बात करने से परहेज न करें। इससे नेगेटिव असर पड़ेगा। भूमिका के बारे में विश्वास, सम्मान और उत्साह के साथ दिलचस्पी और अपनी योग्यता दिखाएं।

सिंपल और सेंसिबल जूलरी

इंटरव्यू के लिए ड्रेस अप होते वक्त ऐसी जूलरी चुनें जो बेहद सिंपल हो क्योंकि जाहिर सी बात आप इंटरव्यू के दौरान बहुत ज्यादा भड़कीली या लाउड जूलरी नहीं पहनना चाहेंगी। अक्सेसरीज आपके लुक को कॉम्प्लिटमेंट करने चाहिए।

पॉलिश्ड हैंडबैग

हर तरफ हो रहे डिजिटलाइजेशन के बावजूद किसी भी जॉब इंटरव्यू में आपसे यही एक्सपेक्ट किया जाता है कि आप अपना सीवी साथ में लेकर जाएं। ऐसे में किसी गंदे या फीके से बैग से अपना सीवी निकालकर देना अच्छा नहीं लगेगा। लिहाजा आपका हैंड बैग भी ऐसा होना चाहिए जो आपके लुक के साथ मैच करे और जिसमें सीवी रखने के अलावा भी कुछ दूसरी चीजों के लिए स्पेस हो।

...तो स्किन पर नहीं पड़ेगा अब पीरियड्स का असर

पीरियड्स के दौरान शरीर में हॉर्मोन्स का लेवल ऊपर-नीचे होता रहता है, जिससे कई महिलाओं की स्किन पर मुंहासे, पिंपल्स, दाग और झाइयों की समस्या हो जाती है। इसलिए त्वचा को पीरियड्स के दौरान भी हेल्दी और खूबसूरत बनाए रखने के लिए आपको इसका विशेष ख्याल रखना पड़ता है। हेल्दी स्किन के लिए क्या करना जरूरी है पीरियड्स के दौरान, ये हम आपको बता रहे हैं.

फेसवॉश से धोएं चेहरा

हालांकि मुंहासे सीबम में ज्यादा ऑयल पैदा होने से होते हैं, लेकिन पीरियड्स के दौरान मुंहासे और पिंपल्स होने का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है। इसलिए जरूरी है कि चेहरे को फेसवॉश से क्लीन करें ताकि आप बैक्टीरियल इन्फेक्शन से बची रहें। पसीना पोंछने के लिए टिशू का इस्तेमाल करें, ताकि चेहरा साफ और पिंपल्स फ्री रहे।

10-12 दिन पहले फेशियल करवाएं

पीरियड्स से कुछ समय पहले स्किन पोर्स का साइज बड़ा हो जाता है और इनके अंदर गंदगी जमा हो जाती है। रोमछिद्र से गंदगी साफ करने के लिए फेशियल करवाना सबसे बेस्ट ऑप्शन है। पीरियड्स के 10-12 दिन पहले फेशियल करवाना बिल्कुल सही होता है। इससे स्किन पीरियड्स के साइड इफेक्ट्स से बची रहती है।

मेकअप से करें तौबा

पीरियड्स के दौरान मेकअप से बचें। आप जितना कम मेकअप करेंगी, आपकी स्किन उतनी हेल्दी रहेगी। मेकअप के बजाय आप जाएं नैचरल ऑप्शन पर। बेसन, शहद और नींबू का पेस्ट लगाएं। साथ ही, फलों के छिलके से बना होममेड फेस मास्क भी आपकी स्किन को फिट रखेगा।

हाइड्रेट रहना जरूरी

जहां तक संभव हो पीरियड्स के दौरान खूब सारा पानी पीएं। इसके अलावा, शहद स्किन को हाइड्रेट रखने के साथ ही शाइनिंग भी देता है। गुलाब जल को फेस टोनर के रूप में इस्तेमाल करना भी फायदेमंद रहेगा।

ज्योतिका और सूर्या ने तलाक की अटकलों पर लगाया विराम

ज्योतिका और सूर्या को लेकर बुरी खबर सामने आ रही थी। कहा जा रहा था कि दोनों की शादीशुदा जिंदगी में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है और वे जल्द ही तलाक लेने वाले हैं। हालांकि, अब ज्योतिका ने एक पोस्ट शेयर करके इन अफवाहों को झूठा साबित कर दिया है।

साउथ के फेमस स्टार कपल ज्योतिका और सूर्या की शादीशुदा जिंदगी में सबकुछ ठीक है। उनके रिश्ते में दरार नहीं आई है और वो तलाक नहीं लेने वाले हैं। ऐसा हम नहीं कह रहे हैं, बल्कि खुद ज्योतिका ने तलाक और सेपरेशन की अटकलों पर विराम लगा दिया है। उन्होंने पति संग फिनलैंड वेकेशन का बेहद खूबसूरत वीडियो शेयर किया है, जो वायरल हो रहा है। ज्योतिका इस समय पति सूर्या के साथ फिनलैंड में वेकेशन इंजॉय कर रही हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर प्यारी सी फोटो शेयर की है, जो इंटरनेट पर वायरल हो रही है। इस वीडियो की शुरुआत में लिखा है, जिंदगी रेनबो की तरह है, चलिए उसके रंगों को डिस्कवर करते हैं। मुझे मेरा व्हाइट मिला। इसके साथ उन्होंने स्नो वाला इमोजी भी बनाया है। वीडियो से साफ जाहिर हो रहा है कि ज्योतिका और सूर्या कितने खुश हैं और हॉलिडे को खूब इंजॉय कर रहे हैं।

बर्फीली वादियों में खूब किया इंजॉय

इस वीडियो में फिनलैंड पूरा बर्फ में डूबा नजर आ रहा है। चारों तरफ सिर्फ बर्फीला नजारा दिख रहा है। पेड़ों से लेकर घरों तक के ऊपर बर्फ जमी हुई है। इसी वादियों के बीच सूर्या कॉफी लेकर घूम रहे हैं और ज्योतिका एक टेंट के पास हैं, जिसके अंदर अलाव जल रहा है। सूर्या की एक फोटो भी है, जिसमें उनकी आंखें नजर आ रही हैं और पलों पर भी बर्फ जम गई है। दोनों ने बर्फ पर कई सारी एक्टिविटी भी की।

तलाक की आई थीं खबरें

हाल ही में ऐसी खबरें सामने आई कि ज्योतिका और सूर्या के बीच सबकुछ ठीक नहीं है और वे जल्द ही अपने रिश्ते को हमेशा के लिए खत्म करने वाले हैं। उनका तलाक होने वाला है।

सामंथा ने जाहिर की सिटाडेल की शूटिंग पूरी होने की खुशी

साउथ सुपर स्टार सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों अपने आने वाले सीरीज सिटाडेल को लेकर काफी व्यस्त चल रही हैं। इस सीरीज में सामंथा वरुण धवन के साथ स्क्रीन साझा करती हुई दिखाई देने वाली हैं। अभिनेत्री ने अपने सोशल मिडिया हैंडल से सिटाडेल की सेट से एक तस्वीर को साझा किया है। सोशल मीडिया पर सामंथा की यह पोस्ट काफी वायरल हो रही है।

जाहिर की खुशी

अमेरिकन सीरीज सिटाडेल के हिंदी रूपांतरण में सामंथा अहम भूमिका निभा रही हैं। इस सीरीज को लेकर वे बेहद उत्साहित हैं। आज अपने सोशल मीडिया हैंडल से सिटाडेल की टीम के साथ अभिनेत्री ने फोटो साझा करते हुए लिखा है, फाइनली हमें कुछ देखने को मिल रहा है और हम सब बेहद उत्साहित हैं। उन तस्वीरों में सामंथा काले रंग के फंकी जैकेट में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। सामंथा के साथ फोटो में वरुण धवन के अलावा सीरीज के निर्देशक राज और डीके भी दिखाई दे रहे हैं। क्रीम रंग के टीशर्ट में वरुण कूल लग रहे हैं। सामंथा प्रभु की इस बहुचर्चित सीरीज में उनके साथ वरुण धवन दिखाई देने वाले हैं। इन दोनों के अलावा सिटाडेल में सिकंदर खेर भी अहम भूमिका निभाते नजर आएंगे। महंगे लागत से बन रही इस सीरीज की शूटिंग भारत के अलावा साइबेरिया में भी हुई है।

अभिनेत्री एमी जैक्सन ने एड वेस्टविक से की सगाई

एक दीवाना था, सिंह इज ब्लिंग जैसे फिल्मों के लिए मशहूर एमी जैक्सन ने स्विट्जरलैंड के गस्टाड में अभिनेता-संगीतकार एड वेस्टविक से सगाई कर ली है। उन्होंने सोशल मीडिया पर मंगेतर के साथ अपनी कई तस्वीरें साझा की हैं। इस फोटोज में दोनों को काफी खुश देखा जा सकता है। एक तस्वीर में वेस्टविक घुटने पर बैठकर अभिनेत्री को प्रपोज करते नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों के साथ एमी ने कैप्शन में अपनी सगाई की पुष्टि कर दी है। कियारा आडवाणी, ओरी, अथिया शेट्टी, श्रुति हासन, सोफी चौधरी जैसे सेलेब्स ने उन्हें बधाई दी है। एमी जैक्सन और एड वेस्टविक ने जून 2022 में किए गए एक इंस्टाग्राम पोस्ट के माध्यम से अपने रिश्ते का आधिकारिक एलान किया था। एड को लोकप्रिय सीडब्ल्यू नेटवर्क सीरीज गॉसिप गर्ल में प्लेबॉय चक बास के रूप में उनकी भूमिका के लिए पहचाना जाता है। 2007 से 2012 तक इसका प्रसारण हुआ था। उन्होंने सिटकॉम व्हाइट गोल्ड में भी अभिनय किया है। एड ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत 2006 में चिल्ड्रन ऑफ मेन फिल्म से की थी। एमी की पहले होटल व्यवसायी जॉर्ज पानायटियोउ से सगाई हुई थी। उनका एक बेटा भी है, जिसका नाम एंड्रियास है। एमी ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत मद्रासपट्टिनम से की थी। उन्होंने 2012 में प्रतीक बब्बर के साथ एक दीवाना था से बॉलीवुड में कदम रखा। बाद में, उन्होंने येवडू, आई, थेरी, 2.0 जैसी सुपरहिट फिल्मों में अभिनय किया। 2024 में वह मिशन- चैप्टर 1 में नजर आई थीं। इसके बाद, वे विद्युत जामवाल अभिनीत क्रैक में भी नजर आने वाली हैं।

बॉक्स ऑफिस आंकड़ों के अलावा परिवार की राय भी महत्वपूर्ण

अभिनेता ऋतिक रोशन इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म फाइटर को लेकर सुर्खियों में हैं। महज पांच दिनों के अंदर फिल्म की कमाई घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये पार हो गई है, वहीं वर्ल्डवाइड 200 करोड़ रुपये से ऊपर पहुंच चुकी है।

ऋतिक ने फिल्म की सफलता पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वे इससे खुश हैं। मगर, उनके लिए अपने परिवार और करीबियों की प्रतिक्रिया और भी ज्यादा मायने रखती है।

फिल्म पर दी प्रतिक्रिया फिल्म फाइटर में ऋतिक रोशन ने इंडियन एयर फोर्स पायलट का रोल अदा किया है। ऋतिक रोशन ने फिल्म की सफलता पर कहा कि दर्शकों को उनका काम पसंद आया, ये बड़ी बात है। साथ ही ऋतिक ने ये भी कहा कि बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के अलावा उनके लिए उन लोगों की राय भी बहुत मायने रखती है, जिन्हें वे प्यार करते हैं। हालांकि, सबसे बड़ी मान्यता तो बॉक्स ऑफिस के आंकड़ों से मिलती है। बॉक्स ऑफिस आंकड़ों पर रखी ये बात ऋतिक रोशन ने आगे कहा कि यह कुछ ऐसा है जिसे कहने में मुझे पहले थोड़ा संकोच होता रहा है ,लेकिन यह सच है। सबसे बड़ी मान्यता बॉक्स ऑफिस नंबर हैं, खासकर जब आप एक ऐसी फिल्म बना रहे हैं, जिसका मकसद बड़ी संख्या में दर्शकों का मनोरंजन करना है। परिवार की राय को बताया महत्वपूर्ण ऋतिक रोशन ने कहा, जिन लोगों से मैं प्यार करता हूं, मुझे वाकई उम्मीद है कि उन्हें मेरा काम पसंद आया। अगर मैं उन्हें पसंद करता हूं तो एक नजरिया है जिससे वे मेरे काम को देख रहे होंगे और अगर मैं उस नजरिए से संतुष्ट हूं तो मैं अपनी नजरों में थोड़ा ऊंचा हो जाता हूं, क्योंकि मैं खुद को उनके नजरिए से देखता हूं। मेरे लिए मेरे बेटों, परिवार, पार्टनर की प्रतिक्रिया बेहद महत्वपूर्ण है। वर्क फ्रंट की बात करें तो फाइटर के बाद ऋतिक रोशन वॉर 2 में नजर आएंगे।

सिटाडेल के बाद रूसो ब्रदर्स ने फिर जताया प्रियंका पर भरोसा, द ब्लफ में दी मुख्य भूमिका

ग्लोबल आइकन बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा के करियर के सितारे इन दिनों बुलंदियों के शिखर पर हैं। अभिनेत्री बैक-टू-बैक हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स साइन कर रही हैं। देसी गर्ल आखिरी बार एक्शन से लबरेज सीरीज सिटाडेल में नजर आई थीं। वहीं, अभिनेत्री रिचर्ड मैडेन स्टारर इस एक्शन-पैक्ड स्पाई थ्रिलर सीरीज के दूसरे सीजन में भी नजर आने वाली हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रियंका चोपड़ा ने हॉलीवुड की द ब्लफ नामक फिल्म साइन की है। अभिनेत्री की यह फिल्म 1800 के दशक पर आधारित एक पीरियड ड्रामा है।

जून में शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

बताया जा रहा है कि द ब्लफ फिल्म का निर्माण द रुसो ब्रदर्स द्वारा किया जा रहा है। रिपोर्ट्स की मानें, तो इस फिल्म की शूटिंग जून महीने में शुरू होगी। प्रियंका चोपड़ा के फैंस इस खबर के सामने आने के बाद उत्साहित हो गए हैं। हालांकि, अभिनेत्री और निर्माताओं की तरफ से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

प्रियंका चोपड़ा का वर्कफंट

प्रियंका चोपड़ा के वर्कफ्रंट की बात करें, तो उनके पास हॉलीवुड के दो प्रोजेक्ट्स हैं, जिनमे एक सिटाडेल 2 और हेड्स ऑफ स्टेट है। इसके अलावा अभिनेत्री के पास एक बॉलीवुड फिल्म जी ले जरा भी है। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा, आलिया भट्ट, कैटरीना कैफ के साथ नजर आने वाली हैं। वहीं, इस फिल्म का निर्माण रीमा कागती के जरिए किया गया है। निर्माता और अभिनेता फरहान अख्तर इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं।



राजामौली की एसएसएमबी 29 को लेकर सामने आई बड़ी जानकारी

महेश बाबू जल्द ही एसएस राजामौली के निर्देशन में बन रही फिल्म में अभिनय का जलवा दिखाते हुए नजर आने वाले हैं। फिल्म को इस समय एसएसएमबी 29 कह कर पुकारा जा रहा है। तेलुगु सुपरस्टार महेश बाबू ने हाल ही में फिल्म गुंटूर कारम में नजर आए थे। त्रिविक्रम श्रीनिवास के निर्देशन में बनी यह फिल्म 12 जनवरी को संक्रांति उत्सव के मौके पर दुनियाभर में रिलीज हुई थी। फैंस को उनकी यह फिल्म काफी पसंद आई थी। वहीं, कई समीक्षकों ने फिल्म पर मिली जुली प्रतिक्रिया दी थी। अब अभिनेता जल्द ही एसएस राजामौली के निर्देशन में बन रही फिल्म में अभिनय का जलवा दिखाते हुए नजर आने वाले हैं। फिल्म को इस समय एसएसएमबी 29 कहकर पुकारा जा रहा है। एलान के बाद से ही लोगों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। कई रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है कि यह फिल्म लोकप्रिय हॉलीवुड फिल्म सीरीज इंडियाना जोन्स की तर्ज पर होगी और इसमें हनुमान से संबंधित एक कहानी देखने को मिलेगी। इस बीच फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स की मानें तो आम तौर पर प्रति फिल्म 60 से 80 करोड़ रुपये के बीच शुल्क लेने वाले महेश बाबू ने राजामौली के प्रोजेक्ट के लिए कोई भी पारिश्रमिक नहीं लेने का फैसला किया है। बताया जा रहा है कि फिल्म से होने वाले मुनाफे में वे राजामौली के साथ हिस्सेदारी करेंगे। फिलहाल फिल्म टीम ने अभी तक इन रिपोर्ट्स की पुष्टि नहीं की है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि एसएसएमबी 29 का बजट 1000 करोड़ रुपये के आसपास है। बताया जा रहा है कि फिल्म की स्क्रिप्ट बनकर तैयार हो गई है और वर्तमान में एसएसएमबी 29 के लिए प्री-प्रोडक्शन कार्य चल रहा है। हालांकि, फिल्म को लेकर किसी भी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

टाइगर श्रॉफ की रैम्बो पर जल्द शुरू होगा काम, सैफ अली खान के साथ भी धमाल मचाएंगे सिद्धार्थ आनंद

सिद्धार्थ आनंद की आगामी एक्शन फिल्म रैम्बो अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। इस एक्शन ड्रामा की आधिकारिक घोषणा 2017 में टाइगर श्रॉफ की मुख्य भूमिका के साथ की गई थी। यह फिल्म सिल्वेस्टर स्टेलोन अभिनीत हॉलीवुड क्लासिक का भारतीय रूपांतरण है। फिल्म पर बीते सात साल से काम चल रहा है। निर्देशक सिद्धार्थ आनंद इन दिनों अपनी फिल्म फाइटर की रिलीज को लेकर चर्चाओं में हैं। इसी कड़ी में सिद्धार्थ ने आगामी फिल्म रैम्बो पर खुलकर बात की है। साथ ही सैफ अली खान के साथ काम करने पर भी बड़ा अपडेट साझा किया है।

सिद्धार्थ करने जा रहे मार्फ्लिक्स का विस्तार

सिद्धार्थ आनंद ने बताया है कि वह किस तरह मार्फ्लिक्स के विस्तार की योजना बना रहे हैं। उन्होंने अपने बैनर तले आने वाली परियोजनाओं के बारे में भी बात की। इसमें रोहित धवन द्वारा निर्देशित रैम्बो समेत सैफ अली खान और जयदीप अहलावत अभिनीत और रॉबी ग्रेवाल द्वारा निर्देशित फिल्म शामिल है। यह पूछे जाने पर कि वह मार्फ्लिक्स को एक बैनर के रूप में कैसे विस्तारित करना चाहते हैं, सिद्धार्थ आनंद ने हालिया इंटरव्यू में कहा, मुझे लगता है कि यहां कुछ अच्छी एक्शन फिल्में बनाने का विचार है। मुझे लगता है कि यह एक ऐसी जगह है, जहां मुझे अपना काम मिल गया है। हम शुरुआत कर रहे हैं, और हमारे पास कुछ अच्छी मजेदार फिल्में हैं। इसलिए उम्मीद है कि आप मार्फ्लिक्स से कुछ मजेदार एक्शन फिल्में देखेंगे।

रैम्बो पर दिया बड़ा अपडेट

उन्होंने आगे कहा कि वे अपने बैनर मार्फ्लिक्स के तहत रैम्बो का निर्माण भी कर रहे हैं। रोहित धवन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ मुख्य भूमिका में हैं। प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए सिद्धार्थ आनंद ने कहा, फिर हम रैम्बो का निर्माण कर रहे हैं। टाइगर श्रॉफ के साथ रोहित धवन निर्देशन कर रहे हैं। उम्मीद है, यह एक ऐसा शीर्षक है जो लोगों के दिमाग में बहुत गहराई से बैठा हुआ है, इसलिए हम इसे एक निश्चित एक्शन फिल्म बनाना चाहते हैं। इसलिए हमारे पास जल्द ही रैम्बो के लिए कुछ रोमांचक योजनाएं हैं। मुझे लगता है कि एक महीने में आप सुनेंगे कि हम रैम्बो के साथ क्या कर रहे हैं। एलान बड़ा होने वाला है।

सैफ अली खान संग शुरू किया काम

यह पूछे जाने पर कि क्या जल्द ही बहुत सारी घोषणाएं होने वाली हैं, सिद्धार्थ आनंद ने कहा, बहुत सारी घोषणाएं नहीं। उनमें से कुछ। मैं मात्रा में विश्वास नहीं करता। हम वास्तव में एक छोटे बुटीक प्रोडक्शन हाउस की तरह हैं, जहां हम जो भी फिल्म कर रहे हैं उसमें मैं अपनी सारी ऊर्जा और प्रयास लगाना चाहता हूं। जैसे अभी, हम सैफ अली खान और जयदीप अहलावत के साथ एक मजेदार एक्शन फिल्म कर रहे हैं। यह एक अनोखी फिल्म है और मेरी सारी ऊर्जा उसी पर केंद्रित है।

प्राधिकरण ने 30 करोड़ की जमीन को कराया कब्जा मुक्त

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा प्राधिकरण अवैध निर्माण को लेकर सख्त है। बुधवार को ग्राम इलाबास में प्राधिकरण की टीम ने भारी संख्या में अवैध निर्माण को जेसीबी की मदद से हटाया। इस मौके पर गांव के खसरा नंबर 179 पर बनी 5 दुकानों और आवासीय कमरों को ध्वस्त करते हुए करीब 9700 वर्ग मीटर जमीन को कब्जा मुक्त कराया। इस जमीन की कीमत करीब 30 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। इस दौरान ग्रामीणों ने विरोध किया हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस बल ने ग्रामीणों को समझाबुझा कर शांत कराया।

बुधवार को नोएडा प्राधिकरण की सर्किल और भू लेख विभाग के साथ नोएडा पुलिस की टीम ग्राम इलाबास पहुंची। यहां अवैध रूप से बनी दुकानों और प्लाट पर बने आवासीय कमरों को पहले से चिन्हित किया जा चुका था। साथ ही अतिक्रमण कर्ताओं को दुकान का निर्माण रोकने और ध्वस्त करने का नोटिस जारी कर दिया गया था। लेकिन यहां निर्माता बदस्तूर जारी था। ऐसे में प्राधिकरण के बुलडोजर ने दुकान पर कार्यवाही की वहां मौजूद किसान प्राधिकरण विरोधी नारेबाजी और ध्वस्तीकरण में बाधा डालने लगे।

मौके पर मौजूद नोएडा पुलिस ने ग्रामीणों को समझाया बताया गया कि ये जमीन प्राधिकरण की अधिसूचित अधिग्रहीत जमीन है। साथ मास्टर प्लान 2031 के अनुसार नियोजित है। इसलिए यहां किया गया निर्माण पूर्णता अवैध है। इस कार्रवाई के विरोध में जो भी आएगा उसके खिलाफ कानूनी एक्शन लिया जाएगा। फिलहाल प्राधिकरण ने जमीन खाली कराते हुए इसके चारों ओर फेंसिंग की गई।

ग्रीन कॉरिडोर बनाकर 9 मिनट में पहुंचाया हॉर्ट तथा लीवर

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा कमिश्नरेट पुलिस ने एक बेहद ही सराहनीय काम किया है। एक मरीज की जान बचाने के लिए हार्ट और किडनी लेकर जा रही एक एंबुलेंस को नोएडा पुलिस ने निर्धारित टाइम से पहले ही अस्पताल तक सकुशल पहुंचाया। नोएडा कमिश्नरेट की यातायात पुलिस की वजह से एंबुलेंस ने 14 किलोमीटर के सफर को मात्र 9 मिनट में ही तय कर लिया।

नोएडा कमिश्नरेट में तैनात डीसीपी ट्रैफिक अनिल यादव ने बताया कि दिल्ली के अपोलो हॉस्पिटल से किडनी और हार्ट को नोएडा के सेक्टर 128 स्थित हॉस्पिटल तक ले जाना था। एक मरीज की सर्जरी होनी थी। नोएडा ट्रैफिक पुलिस को इसकी सूचना मिली तो तुरंत ही सभी ट्रैफिक कर्मियों को तैयार किया गया और एंबुलेंस के लिए ग्रीन कॉरिडोर तैयार किया गया।

हार्ट और किडनी लेकर जा रही एंबुलेंस को चिल्ला बॉर्डर से ट्रैफिक पुलिस ने दोपहर 1:42 बजे रिसीव किया। चिल्ला बॉर्डर से नोएडा के सेक्टर 128 के जेपी अस्पताल तक की 14 किमी. की दूरी पर ट्रैफिक पुलिस ने 14 मिनट में समय से पहले पहुंचाया। इसमें सभी ट्रैफिक कर्मियों का पूरा सहयोग रहा। एंबुलेंस के आगे और पीछे ट्रैफिक पुलिस के वाहन रहे और निर्धारित समय से पहले मात्र 9 मिनट में एंबुलेंस को जेपी अस्पताल तक पहुंचा दिया गया।

दक्षिण कोरिया के साथ एमिटी विश्वविद्यालय का समझौता

वैश्विक स्तर पर नये आयाम स्थापित होंगे: डॉ. अशोक चौहान

नोएडा। दक्षिण कोरिया के पुकयोंग नेशनल विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने एमिटी विश्वविद्यालय का दौरा किया। इस प्रतिनिधिमंडल में पुकयोंग नेशनल विश्वविद्यालय के अध्यक्ष प्रो जैंग योंग सू के साथ इंटरनेशनल अफेयरस के प्रोवोस्ट प्रो किम हयुन वू और इंस्टीटयूट ऑफ फिशरि सांइसेस के प्रो फजलुरहमान खान शामिल थे।

इस अवसर पर दक्षिण कोरिया के पुकयोंग नेशनल विश्वविद्यालय और एमिटी विश्वविद्यालय के मध्य छात्र व संकाय विनिमय कार्यक्रमों, संयुक्त अनुसंधान पहल, संयुक्त अकादमिक सम्मेलनों कों बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया गया। इस समझौता पत्र पर एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष व प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. अशोक कुमार चौहान, एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला की उपस्थिती में पुकयोंग नेशनल विश्वविद्यालय के अध्यक्ष प्रो जैंग योंग सू और एमिटी ग्रुप वाइस चांसलर डा गुरिंदर सिंह ने हस्ताक्षर किये।

पुकयोंग नेशनल विश्वविद्यालय के अध्यक्ष प्रो जैंग योंग सू ने संबोधित करते हुए कहा कि पहली बार उन्होनें भारत व एमिटी का दौरा किया है और अनोखे व स्मार्ट इंडिया ने उन्हे प्रभावित किया है। एमिटी द्वारा शिक्षा व अनुसंधान के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किया जा रहा है। यह समझौता पत्र एक विकास की सड़क है जिससे दोनो देशों और दोनो संस्थानों के छात्र लांभावित होगें।

एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष व प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. अशोक कुमार चौहान ने कहा कि दक्षिण कोरिया, शिक्षण व प्रौद्योगिकी विकास में उन्नत स्तर पर है और वहां के प्रख्यात संस्थान के साथ सहभागीता हमारे लिए गर्व का विषय है। डा चौहान ने कहा कि यह सहयोग दोनों संस्थानों के लिए वैश्विक स्तर पर आयाम स्थापित करने के नये दरवाजे खोलेगा। आपसी सहयोग हमारे क्षमता के विकास में भी सहायक होगा। पुकयोंग नेशनल विश्वविद्यालय के इंटरनेशनल अफेयरस के प्रोवोस्ट प्रो किम हयुन वू, एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे।

पुलिस ने रुकवाया मूर्ति स्थापना का काम

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा में एक मंदिर के पुजारी द्वारा स्थापित कराई जा रही हनुमान जी की मूर्ति की स्थापना के काम को पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रुकवा दिया। आरोप है कि पुलिस मंदिर के पुजारी को जबरन अपने साथ ले गई और पुलिस चौकी में बैठा दिया। मामले की वीडियो वायरल होने के बाद आनन फानन में एसीपी बिसरख और एसडीएम दादरी मौके पर पहुंचे और मूर्ति को मंदिर में स्थापित कराया।

पुलिस के अनुसार धूम मानिकपुर बिजलीघर के पास श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी मंदिर स्थापित है। मंदिर के पुजारी करण गिरी ने बताया कि मंदिर परिसर के पास स्थित वेयरहाउस मालिक ने मंदिर की कुछ जमीन पर कब्जा कर लिया है। अब उसका 16 फीट का रास्ता है, 24 फीट पर कब्जा करने के प्रयास में है। बची आठ फीट जमीन मंदिर समिति की है।

बुधवार को बची जमीन पर मंदिर महंत अजय गिरी चबूतरा बनवाकर भगवान हनुमान की मूर्ति स्थापित करा रहे थे।

आरोप है कि तभी धूम मानिकपुर चौकी इंचार्ज शैलेंद्र सिंह मौके पर आए व मंदिर में चल रहे हवन-पूजन को बंद कराकर मूर्ति को मौके से हटवा दिया। पुलिस जबरन महंत को जीप में बैठाकर कोतवाली ले आई। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसको इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया गया।

नवनिर्वाचित आरडब्ल्यूए टीम को विधायक ने दी बधाई

नोएडा (चेतना मंच)। सेक्टर-93 स्थित एक्सप्रेस व्यू अपार्टमेंट रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल करने वाले अध्यक्ष प्रवेश कुमार चौहान के नेतृत्व में पूरी कार्यकारिणी ने नोएडा के विधायक तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह से मुलाकात की।

इस मौके पर पंकज सिंह ने पूरी टीम को जीत के लिए बधाई दी। प्रवेश कुमार चौहान के नेतृत्व में पूरी टीम ने विधायक पंकज सिंह को गुलदस्ता भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के नेता तथा रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रवेश कुमार चौहान, उपाध्यक्ष सुनील कुमार निगम, सचिव मारकंडेय मिश्रा, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, सदस्य राकेश पति त्रिपाठी, भूषण कुमार सिंह, अशोक कुमार जैन, संध्या तिवारी, गौरव चौहान, श्रीमती सुभाष, एचएन सिंह आदि लोग मौजूद थे।

भाजपा की सोशल मीडिया टीम की घोषित

शिवांश श्रीवास्तव को फिर बनाया संयोजक

नोएडा (चेतना मंच)। भाजपा नोएडा के जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने नोएडा महानगर की सोशल मीडिया टीम की घोषणा कर दी है। एक बार फिर इस टीम में सोशल मीडिया के लिए जिले के वर्तमान संयोजक शिवांश श्रीवास्तव पर भरोसा जताते हुए उन्हें दुबारा नए कार्यकाल के लिए जिला संयोजक बनाया गया।

जिलाध्यक्ष से अनुमोदन के बाद शिवांश श्रीवास्तव ने जिला सह संयोजक पद पर पुन: अभिषेक कमल व जिला कार्यकारिणी, विधानसभा संयोजक विधानसभा सहसंयोजक विधानसभा कार्यकारिणी घोषित कर दी है। अभिषेक कमल जो पहले कार्यकाल में जिले के सह संयोजक थे उन्हें भी पुन: सह संयोजक घोषित किया गया। भाजपा के जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि पंकज त्रिपाठी को विधानसभा संयोजक, ऋचा सिंह को विधानसभा सह संयोजक का दायित्व दिया गया है।

ज्ञात हो कि 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा नोएडा की सोशल मीडिया टीम ने व्यापक जन प्रचार व प्लेटफार्मस का उपयोग कर अनेको ट्रेंड्स चलाए थे। वहीं आम जनता को भी अनेकों माध्यम से डिजिटल प्लेटफार्मस पर जोड़ने का कार्य किया था। जिले की कार्यकारिणी में अनुज त्रिपाठी, दीपक बत्रा, कपिल मेहरा, अमित दिवेदी, जिम्मी वालिया व अन्य वही आकाश आवाना, तरुणा रावत, राहुल चौहाण व अन्य को विधानसभा कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि नव गठित पदाधिकारियों की टीम जल्द अपने मण्डलों में भी सोशल मीडिया की घोषणा करेगी और 2024 चुनाव से पहले प्रत्येक बूथ तक अपने डिजिटल प्रचार तंत्र को मजबूत करेगी।

बैठक में जिला महामंत्री उमेश त्यागी, जिला सोशल मीडिया संयोजक शिवांश श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर व समस्त भाजपा सोशल मीडिया के पदाधिकारी उपस्थित थे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने लांच की प्लाटों की योजना

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 44 औद्योगिक भूखंडों की योजना 30 जनवरी को लांच कर दी है। इस स्कीम के ब्रोशर 30 जनवरी से ऑनलाइन उपलब्ध हो गए हैं। इन 44 भूखंडों के आवंटन से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को प्लॉट के एवज में रिजर्व प्राइस से करीब 500 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। इन औद्योगिक भूखंडों का आवंटन साक्षात्कार के जरिए हो रहा है। इनका आवंटन होने से 5000 करोड़ रुपये का निवेश और 10 हजार युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलने का अनुमान है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर उद्योग विभाग ने 44 भूखंडों की योजना लांच कर दी है। इस योजना के जरिए लगभग 50 एकड़ जमीन आवंटित की जाएगी। इन 44 भूखंडों में से 8 भूखंड सेक्टर ईकोटेक वन एक्सटेंशन वन में, सेक्टर ईकोटेक वन एक्सटेंशन में 1 भूखंड, इकोटेक चार में एक, ईकोटेक छह बी में दो, ईकोटेक छह में 23 भूखंड और उद्योग केंद्र एक्सटेंशन वन में 7 और उद्योग विहार एक्सटेंशन में दो भूखंड हैं। ये भूखंड 135 वर्ग मीटर से लेकर 20354 वर्ग मीटर एरिया तक के हैं। विगत मंगलवार से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट www.greaternoidaauthority.in पर इनके ब्रोशर उपलब्ध हो गए हैं। इनको डाउनलोड किया जा सकता है।

इन भूखंडों के लिए निवेश मित्रा www.niveshmitra.up.nic.in पोर्टल के जरिए ऑनलाइन आवेदन किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट से भी इसका लिंक दिया गया है। 30 जनवरी 2024 से ब्रोशर डाउनलोड करने व पंजीकरण शुल्क का भुगतान कर पंजीकरण कराने की सुविधा शुरू हो गई है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 19 फरवरी है। पंजीकरण शुल्क, ईएमडी (अर्नेस्ट मनी डिपोजिट) और प्रोसेसिंग फीस भी 19 फरवरी तक ही जमा की जा सकती है।

आवंटन के पश्चात इन भूखंडों पर एक माह में ही पजेशन मिल जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार का कहना है कि ग्रेटर नोएडा औद्योगिक निवेश के केंद्र के रूप में उभरा है। उद्यमियों की मांग व जरूरत को देखते हुए स्कीम लांच कर दी गई है। तय समयसीमा में प्लॉट पर पजेशन दे दिए जाएंगे। इससे निवेश के साथ ही हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकेंगे।

कोहरे और बारिश के बीच नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल

ग्रेटर नोएडा। कोहरे और रिमझिम बारिश के बीच प्रकृति प्रेमी सूरजपुर स्थित वेटलैंड में जुटे

जहां उन्होंने नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल में हिस्सा लेकर प्रकृति से जुड़ाव का अनुभव किया। बर्ड फेस्टिवल में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

उत्तर प्रदेश वन विभाग द्वारा शेविंग्स फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित बर्ड फेस्टिवल में सूरजपुर स्थित वेटलैंड में दिनभर पर्यटकों और प्रशंसकों का जमावड़ा लगा रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पर्यावरण एवं वन मंत्री केपी मलिक ने कहा हमारी सरकार सूरजपुर वेटलैंड को एक अंतरराष्ट्रीय पहचान देगी। फेस्टिवल में इतनी भारी संख्या में आये लोगो को देखकर गौरान्वित हूँ।

नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल में देशभर से विभिन्न कला के क्षेत्रों से लोग जुड़े। स्कूल के बच्चों ने कला तथा नेस्ट मेकिंग कम्पटीशन में भाग लिया साथ ही म्यूजिक कम्पटीशन में कॉलेज के बच्चों ने भाग लिया। देश भर के फ़ोटोग्राफ़र्स ने भी इस कार्यक्रम में अपने द्वारा खिंची गई फोटो को प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया।

इस अवसर पर ज़िलाधिकारी मनीष वर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन गौतमबुद्धनगर की जनता के लिए अपनी छुट्टियाँ बिताने और वन्य जीवन की सुंदरता को सर्वोत्तम तरीके से देखने के लिए एक सुंदर गंतव्य बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहा है। दादरी के विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए सूरजपुर वेटलैंड में इस प्रकृति और पक्षी महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं। हम जनपद के वन्य जीवन को बेहतर बनाने के लिए सभी से फीडबैक लेंगे। यूपी सरकार का लक्ष्य सूरजपुर वेटलैंड को एनसीआर का सबसे अच्छा पर्यटन स्थल बनाना है।

इस अवसर पर एमएलसी श्रीचंद शर्मा, जिला वन्य अधिकारी पीके श्रीवास्तव, ज्वाइंट सीपी बबलू कुमार, शीविंग्स के संस्थापक मदन मोहित भारद्वाज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

GRV BUILDCON
Concept to reality
ARCHITECTURE/ CONSTRUCTION / INTERIORS
WE DON'T DESIGN HOME/ OFFICE
WE DESIGN DREAMS!

Certified by :
ISO 9001 CERTIFIED
startupindia
MSME MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES
Contact Us : 9999472324, 9999082512
www.grvbuildcon.com